संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 01 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 89 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com **राष्ट्रीय संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



यूपी के डिप्टी सीएम कानपुर अग्निकांड पर मीडिया से मुखातिब होते हुए।

# पत्थरबाजी, आगजनी...सुलगा प.बंगाल

### रामनवमी के एक दिन बाद बंगाल में फिर हिंसा, हावड़ा में पत्थरबाजी; शोभायात्रा के दौरान गुजरात-महाराष्ट्र में हुईं हिंसक घटनाएं, 80 गिरफ्तार

**बवाल...**

**= बंगाल में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा में पत्थरबाजी की, बिहार में भी हुई हिंसा**

**टीम एक्शन इंडिया/वडोदरा/संभाजीनगर/कोलकाता**

**बंगाल** में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा में पत्थरबाजी की। देशभर में गुरुवार को रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आई थीं। पश्चिम बंगाल के हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर जिले में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प हुई। हावड़ा के शिबपुर और उत्तरी दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर शहर के डालखोला में भी हिंसा हुई है। हावड़ा के शिबपुर में दो गुटों में जमकर पत्थरबाजी हुई। वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें घर की छतों से कुछ लोग शोभायात्रा पर पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल भीड़ ने भी पत्थर फेंके। भीड़ ने आसपास के वाहनों और दुकानों में आगजनी की। शिबपुर में विश्व हिंदू परिषद और बंजरग दल ने शोभायात्रा निकाली थी। हिंसा का दूसरा मामला इस्लामपुर शहर के डालखोला का है। यहां भी शोभायात्रा के दौरान दो गुटों में जमकर पत्थरबाजी हुई।



## गुजरातः शोभायात्रा में पथराव, अब तक 24 गिरफ्तार

**गुजरात** के वडोदरा शहर में गुरुवार को दो जगहों पर रामनवमी शोभायात्रा में पथराव हुआ। पहली घटना फतेहपुरा क्षेत्र के पंजरीगर मोहल्ले के पास दोपहर में हुई, जबकि दूसरी घटना शाम को नजदीकी कुंभरवाड़ा में हुई। पुलिस के मुताबिक, फतेहपुरा क्षेत्र में हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ, जबकि कुंभरवाड़ा में रामनवमी के जुलूस पर हुए पथराव में एक महिला समेत कुछ लोग घायल हो गए। पंजरीगर मोहल्ले के जुलूस का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ने किया था। वहीं, दूसरा जुलूस स्थानीय निवासियों द्वारा आयोजित किया गया था। स्थानीय भाजपा विधायक मनीषा वकील उस जुलूस का हिस्सा थीं, जिस पर कुंभरवाड़ा में पथराव किया गया।


## संभाजीनगर में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल, 20 गिरफ्तार

**महाराष्ट्र** के छत्रपति संभाजीनगर (पुराना नाम औरंगाबाद) के किराडपुरा इलाके में बुधवार-गुरुवार रात दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पथराव किया। हमले में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल हो गए। अब तक 20 लोगों की गिरफ्तार किया गया है। हिंसा रात 11.30 बजे शुरू हुई और तड़के 3.30 बजे तक जारी रही। संभाजीनगर के सांसद इम्तियाज जलील ने में कहा कि यहां झड़प शराबियों के दो



गुटों में हुई। इन्होंने ही पत्थरबाजी की। राम मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ। मंदिर में कोई नहीं गया। इसलिए नागरिकों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

## 24 घंटे में 3095 कोरोना केस, इस साल सबसे ज्यादा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** में लगातार दूसरे दिन 3 हजार से ज्यादा कोरोना मरीज मिले हैं। संक्रमण से 5 मरीजों की भी मौत हुई है। एक्टिव केस बढ़कर 15 हजार 208 हो गए हैं। इससे पहले गुरुवार को 3016 मरीज मिले थे, इसकी तुलना में पिछले 24 घंटे में यह संख्या 3,095 रही। पिछले 6 महीनों में यह एक दिन में सबसे ज्यादा केस हैं। देश में कोरोना की पहली लहर 2020 से लेकर अब तक कुल मौतों का आंकड़ा 5 लाख 30 हजार 862 हो गया है। बुधवार को महाराष्ट्र में तीन, दिल्ली में दो, हिमाचल प्रदेश में एक और केरल में आठ लोगों की मौत हुई थी। हेल्थ मिनिस्ट्री के शुक्रवार सुबह 8 बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक, डेली पॉजिटिविटी रेट 2.73% दर्ज किया गया, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.71% रहा।

## 90 रिटायर्ड अफसरों ने कानून मंत्री को खत लिखा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

90 से ज्यादा रिटायर्ड सिविल सर्वेंट ने कानून मंत्री किरण रिजिजू के बयानों का विरोध करते हुए एक ओपन लेटर लिखा। इन ब्यूरोक्रेट्स ने कहा कि कानून मंत्री ने कई मौके पर जजों की नियुक्ति के कॉलेजियम सिस्टम और न्यायिक स्वतंत्रता पर ऐसे बयान दिए, जो सुप्रीम कोर्ट पर हमला लगते हैं। जजों की नियुक्ति, न्यायिक स्वतंत्रता और सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए बयानों की हम निंदा करते हैं और न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता है।

किरण रिजिजू ने कहा था, "कुछ रिटायर्ड जज करीब एंटी इंडिया ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं। ये लोग कोशिश करते हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाए। देश के खिलाफ इस तरह के काम करने वालों को इसकी कीमत चुकानी होगी।

## सरकार ने छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में किया इजाफा



**नई दिल्ली**: छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों के अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ा दी है। नई ब्याज दरें एक अप्रैल, 2023 से लागू होंगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अर्थव्यवस्था में तेजी के रुख के साथ अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई गई है। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.1 से 0.7 फीसदी की वृद्धि की गई है। हालांकि, लोकप्रिय जमा योजना पीपीएफ और बैंकों में बचत जमा पर ब्याज दरें अप्रैल-जून तिमाही के लिए क्रमशः 7.1 फीसदी और चार फीसदी पर बरकरार रखी गई है।

## कम्बाइंड कमांडर कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए रक्षा मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्यप्रदेश** की राजधानी भोपाल में हो रही तीनों सेनाओं की कम्बाइंड कमांडर कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए।

**पीएम भी होंगे शामिल**

**= सीडीएस जनरल के अलावा भारत की तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना, वायु सेना के प्रमुख भी कॉन्फ्रेंस में मौजूद**

सीडीएस जनरल अनिल चौहान के अलावा भारत की तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना, वायु सेना के प्रमुख भी कॉन्फ्रेंस में मौजूद हैं। इसके अलावा इंदौर में हुए हादसे के बाद प्रधानमंत्री का मिंटो हॉल से रानी कमलापति स्टेशन के रास्ते में स्वागत का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि इंदौर की घटना दुखद है। पहले कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच में भाजपा के कार्यकर्ता और भोपाल की जनता प्रधानमंत्री का स्वागत करने वाली थी, लेकिन इंदौर की घटना के चलते अब कोई भी स्वागत का कार्यक्रम नहीं होगा। इस कॉन्फ्रेंस को वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें भारतीय सेना की रणनीति, रक्षा मामलों में आत्मनिर्भरता सहित अन्य विषयों पर चर्चा हो सकती है। वाइस चीफ, चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ, 7 आर्मी कमांडर, कमांडर 3 नेवल कमांड के प्रमुख भी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने भोपाल आए हैं।

## इंदौर मंदिर हादसाः अब तक 36 लोगों की हुई मौत

### मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पर गैर इरादतन हत्या का केस, सीएम पहुंचे तो भीड़ ने मुर्दाबाद के नारे लगाए

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

**इंदौर के** बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में 36 लोगों की जान चली गई। मामले में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है। देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया। मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई। आर्मी और प्रशासन की कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। 53 वर्षीय सुनील नाम के शख्स का शव शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। घटनास्थल के पास एक धर्मशाला में पटेल समाज के लोग इकट्ठा हुए थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह उनसे मिलने पहुंचे। यहां भीड़ ने हाय-हाय और मुर्दाबाद के नारे लगाए। हादसे में पटेल समाज के 11 लोगों की मौतें हुई है।



**20 से ज्यादा घायल**

**= देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए**

## बिहार 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**


**बिहार** विद्यालय परीक्षा समिति ने शुक्रवार को 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने ऑनलाइन परीक्षा परिणाम जारी किया। इस बार टॉप-10 में कुल 69 विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें 33 लड़कियां हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 79 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। परीक्षा में शेखपुरा के मोहम्मद रुम्मान अशरफ ने टॉप किया है। उन्हें 97.8 फीसदी (489) अंक मिले हैं। मो. रुम्मान अशरफ इस्लामिया हाई स्कूल के छात्र हैं। दूसरे नंबर पर भोजपुर की नम्रता और औरंगाबाद की ज्ञानी अनुपमा रहीं।

## पीयूष गोयल ने नई विदेश व्यापार नीति जारी की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को वाणिज्य भवन में 'विदेश व्यापार नीति 2023' का अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहीं। इस मौके पर केंद्रीयमंत्री गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर बहुत सी समस्याओं के बावजूद हमारे लिए मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 अच्छा रहा है।

हमने 750 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा था, लेकिन ऐसा लग रहा है कि हम 765-770 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएंगे।




## फ्लाइट में सिगरेट पी रहा था यात्री, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**इंडिगो** की फ्लाइट में एक यात्री को सिगरेट पीते पकड़ा गया है। मुंबई से गोरखपुर आ रही फ्लाइट में यात्री टॉयलेट में सिगरेट पी रहा था। सिगरेट जलते ही फ्लाइट में फायर अलार्म बज गया। जिससे यात्रियों समेत क्रू मेंबर अलर्ट हो गए। कैप्टन और क्रू मेंबर्स ने उसकी सिरगेट बुझवाई। फ्लाइट के गोरखपुर लैंड करते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा अधिकारियों ने यात्री को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## भगोड़ा नहीं, बगावत काट रहा हूंः अमृतपाल

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे के चीफ और खालिस्तान प्रचारक अमृतपाल सिंह की तलाश 13वें दिन भी जारी है। अमृतपाल को ढूंढने के लिए होशियारपुर में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यहां उसे ड्रोन से तलाश किया जा रहा है। अमृतपाल उत्तराखंड से आने के बाद जालंधर में कपूरथला बॉर्डर के नजदीक एक डेरे में छुपा था। 28 घंटे के भीतर अमृतपाल की दूसरी वीडियो सामने आई। जिसमें उसने सरबत खालसा बुलाने की मांग दोहराई। सरबत खालसा बुला



जत्थेदार परिवारवाद के इल्जाम से मुक्त हो सकते हैं। अमृतपाल ने कहा कि वह बगावत के दिन काट रहा है। मैं हुकूमत से नहीं डरता। वह भगोड़ा होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। अमृतपाल सिंह ने कहा कि मैंने वीडियो के जरिए सिख संगतों को संबोधित किया था। जिसमें कुछ संगतों को शक था कि शायद वीडियो पुलिस की कस्टडी में बनी है। जिन्हें लगता है कि मैं भगोड़ा हो गया और अपने साथियों को छोड़ गया, कोई ऐसी गलतफहमी न रखे। मैं मरने से नहीं डरता। मुझे अगर इस घेरे से बाहर रखा है तो इसका मतलब है कि मैं अपनी कौम और अपने साथियों के लिए कुछ कर सकूं। जल्दी ही संसार के सामने भी प्रगट होंगे और समाज में घूमेंगे। मैं उनमें से नहीं हूं कि देश छोड़कर बाहर भाग जाऊं और वीडियो डालकर बाहर से मैसेज दूं।

**भारत का सम्मान** उपलब्धियों पर पानी फेरने देश के अंदर और बाहर कुछ ताकतें काम कर रहीं

## दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाः जगदीप धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि को कहा कि भारत बड़ी तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत के लोकतंत्र पर दुनिया का कोई दूसरा देश सवाल नहीं उठा सकता, क्योंकि दुनिया में कोई दूसरा देश इतने लोकतांत्रिक ढंग से इवॉल्व नहीं हुआ है, जितना भारत।

**भारत की अखंडता के खिलाफ आभासी युद्धः** उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जा सकता। भारत के विकास पथ में व्यवधान पैदा करने, लोकतांत्रिक व्यवस्था की छवि खराब करने और राष्ट्र की उपलब्धियों पर पानी फेरने के लिए देश के अंदर और बाहर कुछ ताकतें काम कर रही हैं। लोगों को वैश्विक मशीनरी' की तरफ से सुनियोजित तरीके से 'भारत की अखंडता के खिलाफ आभासी युद्ध' के बारे में जागरूक होने की जरूरत है।




**पीएम के 'मन की बात' सफल रहीः** उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के मन की बात सफल रही, इसका लोगों से सहज जुड़ाव हुआ है। हम दुनिया के सबसे कार्यात्मक यानी फंक्शनल लोकतंत्र हैं और इसे लेकर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत की छवि को खराब करने के अभियान में लगे हुए हैं, उन्हें मीडिया को उजागर करना चाहिए।

**एक पूरा सिस्टम हमारे विकास को बाधित कर रहाः**

उन्होंने आगे कहा कि आइवी लीग विश्वविद्यालयों में दक्षिण एशिया के अध्ययन को वित्त पोषित किया जा रहा है।

# मूसलाधार बारिश से किसान हुए बेबस

## 18 जिलों में ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट, इस महीने सामान्य से 126% ज्यादा बरसे बादल, येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया

8 मौसम विभाग ने बारिश-ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है







**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा में मौ**सम ने करवट ले ली है। कई जिलों में रात से बारिश जारी है। मौसम विभाग ने बारिश-ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। राज्य के 18 जिलों में बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने की संभावना को देखते हुए ऑरेंज श्रेणी में रखा गया है। अन्य 2 जिलों को येलो श्रेणी में शामिल किया है। यहां गरज के साथ बारिश और 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। वहीं हरियाणा में 1 मार्च से अब तक 33.5 एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 126 प्रतिशत ज्यादा है।

**बिजली को लेकर जारी की एडवाइजरी:** खराब मौसम में बिजली को लेकर मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से हिदायत दी गई है कि खराब मौसम में गरज के दौरान किसी सुरक्षित स्थान पर ही लोगों को शरण लेनी चाहिए। हिदायत दी गई है कि इस दौरान किसी पेड़ के नीचे लोग न खड़े हों। पेड़ पर बिजली गिरने की संभावना सबसे अधिक रहती है। 24 घंटे में नारनौल में बिजली गिरने से 2 श्रमिकों की मौत होने के मामले सामने आए हैं।

**इन 18 जिलों में ऑरेंज अलर्ट:** हरियाणा के चार जिलों को छोड़कर अन्य 18 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें उत्तर हरियाणा के जिले कैथल, करनाल और दक्षिण और दक्षिण पूर्वी के महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, पानीपत, सोनीपत शामिल हैं। इसके अलावा दक्षिण और दक्षिण पश्चिमी के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी और चरखी दादरी को भी ऑरेंज श्रेणी में मौसम विभाग ने शामिल किया है। यहां 24 घंटे के दौरान भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है।

**सिरसा में सबसे अधिक बारिश:** हरियाणा 7 जिले ऐसे हैं जहां 24 घंटे में 2 से लेकर 18 एमएम बारिश दर्ज की गई। सिरसा में सबसे अधिक 18 एमएम बारिश हुई है। इसके अलावा रेवाड़ी में 11 एमएम, पानीपत में 8, गुरुग्राम और भिवानी में 4-4 एमएम बारिश हुई है। चरखी दादरी में सबसे कम 2 एमएम बारिश हुई है।

**बारिश से ठंड बढ़ी, फतेहाबाद सबसे ठंडा :** हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि के साथ ही तेज हवाओं के चलने से तापमान में काफी गिरावट आई है। 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। हरियाणा का फतेहाबाद सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा महेंद्रगढ़ के नारनौल में न्यूनतम तापमान में 16.0, कैथल का 16.1, पंचकूला का 16.4 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया गया।

**अप्रैल में फिर बारिश :** हरियाणा में अप्रैल में फिर मौसम करवट लेगा। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार 2 अप्रैल की रात को फिर से पश्चिमी विक्षोभ का असर सूबे में दिखाई देगा। इसके कारण 3 और 4 अप्रैल को कुछ जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

हालांकि इसके बाद मौसम साफ रहेगा। हरियाणा में होने वाली बारिश और ओलावृष्टि से सबसे ज्यादा नुकसान फसलों को है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस बारिश में जो फसलें बारिश के पानी में डूब जाएंगी उनका दाना काला पड़ जाएगा। अब तक बारिश-ओलावृष्टि से 6,05,862 एकड़ फसल को नुकसान होने का अनुमान है। राज्य के 4886 गांवों के 1,07,051 किसान की फसल खराब होने की सूचना है।

# महेंद्रगढ़ में ओलों ने मचाई तबाही



**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**

**हरियाणा** के महेंद्रगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाद कई गांवों में गिरे ओलों ने तबाही मचा दी। 2:30 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई और कुछ देर में ही धरती ओलों से सफेद हो गई। बुडीन, ढाढोत, निंबेहड़ा, भाखरी की ढाणी व अन्य गांवों में किसानों की बची खुची फसलें भी तबाह हो गई हैं। करीब एक घंटे तक यहां बारिश हुई और बड़े बड़े ओले गिरे। महेंद्रगढ़ और असापास के क्षेत्र में रात से ही रुक रुक कर बारिश का दौर चला आ रहा है। शुक्रवार सुबह 6:00 तक बारिश हुई और 8 बजे तक बादल छाए रहे। उसके बाद 8:00 से दोपहर 1:00 बजे तक आसमान में सूर्य देव के दर्शन हुए और धूप भी निकली। उसके बाद आसमान में बादल छाए, तेज हवाएं चली और लगभग 2:30 बजे के बाद बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

**इन गांवों में बरपा कहर:** क्षेत्र के गांव बुडीन, ढाढोत, निंबेहड़ा, भाखरी की ढाणी आदि क्षेत्रों में जमकर ओले गिरे हैं। इसके अलावा गांव बवानिया, खेड़ा, सुरजनवास, गागडवास, बचीनी, मुंडायम, नांगल हरनाथ, सुंदहरा मेघवास, बुचोली और आसपास के गांवों में जमकर बारिश हुई है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी गई। बारिश के कारण गेहूं व सरसों की फसल बिछ गई है और किसान प्रकृति के इस रूप के आगे मायूस दिखाई दिए।

# आधार कार्ड अपडेशन में भिवानी जिला टॉप फाइव में हुआ शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**/भिवानी

एडीसी लिंक ऑफिसर मनोज दलाल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवाल स्थित वीसी रूम में शुक्रवार को आधार परियोजना की समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दलाल ने संबंधित अधिकारियों को आधार डॉक्यूमेंट अपडेटिंग में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति स्वयं 14 जून तक ऑलाइन आधार डॉक्यूमेंट अपडेट करता है तो उसका कोई शुल्क नहीं लगेगा।

बैठक में एडीसी लिंक ऑफिसर मनोज दलाल ने बताया कि आधार डॉक्यूमेंट अपडेटिंग में भिवानी जिला प्रदेशभर में पहले पांच में शामिल हुआ है। उन्होंने अपडेटिंग कार्य में और तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को जागरूक करें ताकि वे स्वयं अपना आधार स्वयं अपडेट कर सकें। उन्होंने कहा कि आधार अपडेंशन के लिए शिक्षा विभाग को स्कूलों में विशेष शिविर लगाकर मडेट्री आधार अपडेटिंग करने के लिए



16 मशीनें कार्य कर रही है,ताकि आधार कार्य में तेजी लाई जा सकें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में आधार के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आधार को नवीनतम और सही जनसांख्यिकीय जानकारी के साथ अपडेट रखा जाए। उन्होंने बताया कि शुन्य से पांच वर्ष के बच्चों के नए नामांकन के लिए स्वास्थ्य विभाग व पोस्टल बैंक के 24 टेब कार्य कर रहे है। उन्होंने संबंधित विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पोस्ट आफिस, सीएससी, शिक्षा विभाग, आईआईपीबी, बैंक, बीएएनएल, लेबर विभाग व डीआईटीएस आदि को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ सब्जी व्यापारी, एक लाख की चपत

## चार माह की प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का दर्ज किया केस

8 फोन पर किसी ने उससे मदद के नाम पर पैसे मांगे तो व्यापारी ने एक लाख एक हजार रुपये ठग लिए



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**बढ़ते साइबर** क्राइम रोकने को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद कुछ लोग साइबर ठगों का शिकार हो रहे हैं। जिले के शहर रतिया में एक सब्जी व्यापारी भी ऐसी ही ठगी का शिकार हो गया। फोन पर किसी ने उससे मदद के नाम पर पैसे मांगे तो व्यापारी ने एक लाख एक हजार रुपये ठग लिए। करीब चार माह चली प्राथमिक जांच के बाद अब साइबर थाना पुलिस फतेहाबाद ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी रतिया निवासी विक्की दामड़ी ने कहा है कि उसकी सब्जी मण्डी रतिया में दुकान है। पांच दिसंबर 2022 को उसके पास एक व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह शर्मा जी बोल रहा है। फोन करने वाले ने कहा कि मुझे कुछ पैसों की जरूरत है और आप मुझे पैसे दे दो, मैं आपको थोड़ी देर में यह पैसे वापस कर दूंगा। विक्की ने कहा कि उसे लगा कि फोन करने वाला उसका ग्राहक शर्मा है जिसको वह जानता भी है। इस पर उसने पैसे देने की हामी भर दे। इसके बाद फोन करने वाले ने उसे एक नंबर और कहा कि इस नंबर पर वह गुगल पे के माध्यम से पैसे डाल दे। इस पर उसने तीन बार में कुल 95 हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसे एक अन्य नंबर भी दिया जिस पर उसने 6 हजार रुपये फोन पे से डाल दिए। बाद में जब उसने स्वयं को शर्मा बताने वाले को फोन किया तो उसने कुछ देर में पैसे लौटाने की बात कही लेकिन उसके बाद से उसने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। इस पर जब उसने अपने असली ग्राहक राकेश शर्मा को उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर पूछा तो उसने कहा कि मैंने आपसे कोई पैसे नहीं लिए हैं। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला और उसने इस बारे 1930 नंबर पर फोन करके ऑनलाईन शिकायत दी। बाद में नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल से फतेहाबाद साइबर थाना में शिकायत पहुंची।

# बेमौसमी बारिश से गेंहू की फसल चौपट



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

प्रदेश भर में फसलों पर बेमौसमी बरसात का कहर जारी है। गुरुवार रात से तेज हवा के साथ चल रही बारिश शुक्रवार भी होती रही। बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। जिला कृषि विभाग के उप निदेशक प्रदीप मील ने बताया कि हमारे जिले में 1 लाख 5 हजार हेक्टेयर रकबे में से लगभग 98 हजार हेक्टेयर में गेहूं और 3 हजार हेक्टेयर में सरसों की फसल की बुआई की गई थी। जिसमें 20 हजार हेक्टेयर में 0 से लेकर 25 प्रतिशत अलग-अलग जगह पर गेहू की फसल का नुकसान हुआ है, जबकि सरसों की फसल का कम नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे की आई रिपोर्ट के अनुसार जगाधरी में 07 एमएम, बिलासपुर में 05 एमएम,रादौर में 05 एमएम, छछरौली में 06 एमएम, सरस्वती नगर में 02 एमएम, साढ़ौरा में 04 एमएम और प्रताप नगर में 05 एमएम बारिश दर्ज हुई है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि फिलहाल कुछ समय के लिए फसलों में पानी की सिंचाई ना करें। जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार सोलंकी ने बताया कि पिछले 10 दिनों में 3 बार मौसम खराब हो चुका है। जिसमें आम की फसल के 60 प्रतिशत बुर झड़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सबसे ज्यादा बागों का रकबा जगाधरी और छछरौली क्षेत्र में है। जानकारी के अनुसार लगभग 55 सौ एकड़ से ज्यादा रकबा आम के बागों का है।

# 'केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है'

8 13 अप्रैल 2019 को कर्नाटक की एक रैली में राहुल गांधी ने बयान दिया था कि सभी मोदी चोर हैं

**टीम एक्शन इंडिया**/यमुनानगर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि केस में हुई सजा को लेकर शुक्रवार को लोकनिर्माण विभाग, जगाधरी के विश्राम गृह में कांग्रेस जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल 2019 को कर्नाटक की एक रैली में राहुल गांधी ने बयान दिया था कि सभी मोदी चोर हैं, उसके तीन दिन बाद ही सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने उन पर मानहानि का केस दायर किया। तीन साल बाद उच्च न्यायालय में मार्च 2022 को शिकायतकर्ता ने स्टे लिया। 10 फरवरी 2023 को स्टे खुद ही वापिस ले लिया। यह सब षड्यंत्र के तहत इसलिए किया गया कि 7 फरवरी 2023 को संसद में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री और अडानी को लेकर सवाल पूछे थे तथा संयुक्त संसदीय कमेटी से जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सारा घटनाक्रम 26 दिनों के अंदर हुआ और कोर्ट का फैसला भी आ गया।

ॉ ऐसा देश के इतिहास में पहली बार हुआ है। अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ आज तक जांच पूरी नहीं हुई है, गिरफ्तारी तो बड़ी दूर की बात है।

# पंचकूला: रेस्टोरेंट में आग से लाखों का नुकसान

**पंचकूला:** पिंजौर नगर परिषद क्षेत्र में पड़ने वाले अमरावती एनक्लेव स्थित आसमां रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में शुक्रवार की सुबह के समय आग लग गई। आग लगने की सूचना होटल स्टाफ ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। रेस्टोरेंट में आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी,क्योंकि आग काफी ऊंचाई पर लगी हुई थी। आग की तेज लपटों के साथ भयंकर काले धुंए का गुबार उठता देखा गया। आग की इस घटना से मौके पर हड़कंप मच गया।

# सात दिवसीय श्री राम कथामृत का भव्य आयोजन किया गया

8 जीवन की लीलाओं के भीतर छिपे हुए आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर करते हुए राम जन्म प्रसंग किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**दिव्य** ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा सोनीपत के हूडा ग्राउंड सैक्टर -23 के प्रांगन में सात दिवसीय श्री राम कथामृत का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें सर्व श्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या मानस मर्मज्ञा महामनस्विनी सुश्री पद्महस्ता भारती ने त्रितीय दिवस में समस्त धार्मिक ग्रन्थों के समन्वय से प्रभु के जन्म एवं उनके जीवन की लीलाओं के भीतर छिपे हुए आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर करते हुए राम जन्म प्रसंग किया। जो केवल मात्र प्रभु की जन्म गाथा व ग्रन्थों की चैपाइयों का सरसपूर्ण गायन नहीं वरन एक विश्लेषणात्मक आध्यात्मिक दृष्टि से परिपूर्ण प्रभु के



अवतरण व प्राकट्य के दिव्य रहस्यों को परिलक्षित करता प्रसंग है। सुश्री भारती ने राम कथा के मर्म और श्री राम जी के चरित्र की मनुष्य के जीवन के लिए महानता बताते हुए कहा कि राम जी का चरित्र सामाज, धर्म, राजनीति, अर्थ एवं कानून व्यवस्था इत्यादि सभी पक्षों के लिए आदर्श एवं शिक्षाप्रद है जो कि कर्तव्य मार्ग पर अग्रसर होने के लिए दृढ़ करता है। सुश्री पद्महस्ता भा ने प्रभु के अवतरण के संबंध में बताते हुए कहा कि प्रभु श्री राम जग पालक व सृष्टि के नियामक तत्व हैं, जो साकार रुप धारण कर अयोध्या में अवतरित होते हैं। निराकार परमात्मा धर्म की स्थापना के लिए साकार रूप धारण करता है। वह प्रत्येक मानव को उसके घट भीतर ही अपने निराकार रुप का साक्षात्कार करवा देते हैं। प्रभु श्री राम का जन्म अयोध्या में हुआ। साध्वी जी ने बताया कि अयोध्या हमारे मानव तन का प्रतीक है जिसमें राम रूपी ईश्वर का वास है व जिसमें प्रभु का दर्शन सम्भव है क्योंकि ईश्वर का अपने अंतः करण में दर्शन किए बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि माता कौशल्या ने अपने घट में जिस प्रकार प्रभु के चतुर्भुज रूप में दर्शन किए ठीक इसी प्रकार हम भी अपने भीतर ऐसा अनुभव पूर्ण सतगुरु की कृपा से कर सकते हैं। मौसम खराब होने के पश्चात भी संस्थान द्वारा कथा की गई कथा में विनोद मलिक, जगदीश शर्मा, कप्तान मलिक और प्रदीप भारद्वाज के परिवारों द्वारा पूजन करा कर कथा का आरंभ कराया गया।

# गणतंत्र दिवस परेड में शामिल कपिल राठौर को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## कपिल राठौर हिसार स्थित राजकीय कॉलेज का इंग्लिश ऑनर्स विभाग का छात्र व एनएसएस कैडेट है

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**गणतंत्र** दिवस परेड शिविर में शामिल हुए हरियाणा के कैडेट्स कपिल राठौर को हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया। कपिल राठौर हिसार स्थित राजकीय कॉलेज का इंग्लिश ऑनर्स विभाग का छात्र व एनएसएस कैडेट है। नई दिल्ली में 26 जनवरी को कर्तव्य-पथ पर होने वाली परेड में हर वर्ष एनएसएस की टुकड़ी भी परेड में शामिल रहती है जिसमें देशभर से कुछ चुनिंदा कैडेट्स के कठोर परिश्रम व कई दौर की चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम चयन होता है। इसमें पिछले वर्ष एनएसएस टुकड़ी में हरियाणा की तरफ से छह



एनएसएस कैडेट्स का चयन हुआ था, जिसमें से एक कैडेट हिसार क्षेत्र के आनंद कुमार के पुत्र कपिल राठौर का चयन हुआ, जो राजकीय महाविद्यालय हिसार का इंग्लिश ऑनर्स विभाग का छात्र व एनएसएस कैडेट है। दिल्ली के कर्तव्य-पथ पर कैडेट कपिल राठौर ने अपने कॉलेज ही नहीं बल्कि पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व किया और गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर परेड करते हुए देश की महामहिम राष्टपति को सलामी दी। इसके लिए प्रधानमंत्री की ओर से इन्हे नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचन्द शर्मा ने सभी एनएसएस कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है कि आज हमें उन कैडेट्स को सम्मानित करने का मौका मिला है। इन कैडेट्स ने राज्य का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। इस अवसर पर एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय दिल्ली के निदेशक जिंग जिलॉग व एसएनओ दिनेश कुमार ने भी सभी एनएसएस कैडेट्स को बधाई दी।

# जींद : मौसम के बिगड़ैल तेवरों के आगे किसान हुए परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

मौसम के बिगड़े तेवरों से किसान परेशान हो गए हैं। वीरवार की तरह ही शुक्रवार को भी आकाश में घुमडते बादलों के साथ पहले बूंदाबांदी शुरू हुई और फिर हलकी बारिश भी हुई। जिसने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आर्द्रता 77 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार तीन अप्रैल तक बारिश



तथा बूंदाबांदी के आसार बने हैं। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को देख कर करें।

जिले में करीब 2.15 लाख हेक्टेयर में गेहूं की फ सल है। इस बार ओलावृष्टि व बारिश के कारण जिले में काफी स्थानों पर गेहूं की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। अभी भी खेतों में किसानों का पीला सोना पसरा हुआ है। किसानों को उम्मीद थी कि अगर मौसम साफ रहता है तो उनकी पसर फसल को फायदा हो जाएगा लेकिन ऐसा संभव नहीं हो सका।

# कोरोना को लेकर चिंता की कोई बात नहीं: केजरीवाल

## दिल्ली में तेजी से फैल रहा कोरोना का नया वैरिएंट 'एक्सबीबी1.16', जरूरी कदम उठा रही सरकार: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राजधानी** दिल्ली में कोरोना की रफ्तार फिर तेजी से बढ़ रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने ऑफिस में बैठक की। बैठक में वित्त मंत्री कैलाश गहलोत, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता कर कहा कि पिछले कुछ दिनों में कोरोना के केस बढ रहे हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक की, आज हमने रिव्यू मीटिंग की। कोरोना को लेकर किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने केंद्र सरकार ने कहा कि दो हफ्ते पहले छह राज्यों को एडवाइजरी दी थी, उसमें दिल्ली नहीं थी। मार्च में मामले बढ़े हैं। 30 मार्च को 295 मामले आए थे। दिल्ली में कुल 932 एक्टिव मामले हैं। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि अभी तक कोरोना से तीन मौते हुई हैं, उन्हें अन्य बीमारियां थीं। हम 100 प्रतिशत मामलों की जिनोम सिक्वेंसिंग करवा रहे हैं। इस वक्त ह्यएक्सबीबी1.16 वैरिएंट है, ये तेजी से फैलता है, लेकिन ये गंभीर नहीं है, अगर वैक्सिनेशन भी है, तब भी हो रहा है। केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली में सीवेज से सैंपल उठाकर चेक करते हैं। फरवरी के बीच तक नेगेटिव था, फिर पॉजिटिव आना शुरू हुआ। हमारी पूरी तैयारी है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। दिल्ली में 7,986 बेड हैं, लेकिन सिर्फ 66 मरीज भर्ती हैं। चार हजार हजार टेस्ट सरकारी लैब में और एक लाख से जायद प्राइवेट लैब की कैपेसिटी है. हमारे पास ऑक्सीजन और सारी तैयारियां हैं। वैक्सिनेशन बहुत अच्छा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि 26 मार्च को दिल्ली के 38 अस्पतालों में मॉक ड्रिल की थी। कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए लोगों में जागरूकता के लिए एक कैंपेन चलाएंगे। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अधिकारियों के संग कोरोना के मामले पर बैठक की थी7 गुरुवार को कोरोना के 295 मामले सामने आए थे।



### सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

**सरकार ने** दिशानिर्देश जारी कर कहा है कि जिन लोगों को भी इनफ्लुएंजा या फ्लू जैसे लक्षण हैं, वे लोग मास्क जरूर पहनें। अस्पताल के अंदर भी मास्क जरूर लगाएं। दिल्ली सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से मॉकड्रिल को लेकर दिशानिर्देश आए हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार द्वारा पहले ही दिल्ली में मॉकड्रिल की जा चुकी है।

### विभाग कर रहा निगरानी

**स्वास्थ्य** विभाग की ओर से स्थिति पर रोजाना नजर रखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन को पूरी मुस्तैदी के साथ तैयारियों को बरकरार रखने के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर हम पिछली बार की तरह अस्पताल व उसके आसपास के संसाधनों का उपयोग करते हुए कोविड बेड की संख्या को कई हजार तक बढ़ा सकते हैं। अस्पताल इस बार भी कोरोना से लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं

### सावधानी बरतें

**= 30 मार्च को 295 मामले आए थे। दिल्ली में कुल 932 एक्टिव मामले हैं। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है: सीएम**



स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग व अस्पतालों के आला अधिकारियों के साथ दिल्ली सचिवालय में की अहम बैठक।

## जमानत याचिका हुई रद्द, सिसोदिया अब करेंगे हाईकोर्ट का रुख


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कथित** शराब घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ अब मनीष सिसोदिया हाईकोर्ट का रुख करेंगे। राउज एवेन्यू अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में सिसोदिया ने जमानत याचिका दायर की थी। एक सप्ताह पहले इस मामले की कोर्ट में सुनवाई हुई थी। जिसके बाद कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछले सप्ताह सीबीआई ने शराब घोटाले मामले का विवरण और गवाहों के बयान कोर्ट में पेश किए थे।



गुरुवार रात भर हुई बारिश से प्रेस एन्क्लेव रोड पर हौज रानी रेड लाइट के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया। सड़क धंस जाने से डीटीसी की बस फंस गई।

## मच्छर भगाने वाली क्वायल से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली के** शास्त्री नगर इलाके में मच्छर भगाने वाली क्वायल के धुएं से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मच्छर भगाने की कॉइल से इनके कमरे में आग लग गई थी। इसके चलते चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने इस आग में झुलसकर दम तोड़ दिया। यह घटना गुरुवार रात की है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने सभी छह शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने शुक्रवार को बताया कि, बीती देर रात दमकल विभाग को सूचना मिली थी कि मजार वाला रोड शास्त्री पार्क स्थित एक मकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद पुलिस के साथ मिलकर दमकलकर्मियों ने नौ लोगों को घायल अवस्था में बाहर निकाल कर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन लोगों का उपचार चल रहा है। वहीं उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि पुलिस को अस्पताल से पता चला कि एक ही परिवार के नौ लोग थे, जिनमें से 6 की मौत हो गई, जबकि 2 व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है।



## जुर्माना लगने पर बोले सीएम- पीएम कितना पढ़े हैं? देश को ये जानने का है अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की डिग्री मांगने पर गुजरात हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने मुख्य सूचना आयोग के आदेश को भी रद्द कर दिया है, जिसमें यूनिवर्सिटी और पीएमओ से डिग्री प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, "क्या देश को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके पीएम कितना पढ़े हैं? कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का जबरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की मांग करने वालों पर जुर्माना लगा दिया जाएगा? ये क्या हो रहा है अनपढ़ या कम पढ़े लिखे पीएम देश के लिए बेहद खतरनाक हैं।"
**सीईसी के आदेश को किया रद्द:** बता दें कि मुख्य सूचना आयोग ने पीएमओ के जन सूचना अधिकारी और गुजरात विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के पीआईओ को प्रधानमंत्री मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री दिखाने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने याचिका दाखिल कर डिग्री दिखाने की मांग की थी।

## स्वाति मालीवाल ने ट्रांसजेंडर कल्याण के लिए एमएचए को लिखा पत्र

### सिफारिश

**= डीसीडब्ल्यू ने गृह मंत्रालय को नियमों और ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की अधिसूचना में तेजी लाने की सिफारिश की है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में रहने वाले ट्रांसजेंडरों की स्थिति में सुधार के लिए दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग को एक पत्र लिखा है। डीसीडब्ल्यू ने गृह मंत्रालय को नियमों और ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की अधिसूचना में तेजी लाने की सिफारिश की है, ताकि दिल्ली में रहने वाले ट्रांसजेंडर के कल्याण और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में आयोग सही कदम उठा सके। भारत सरकार ने 2019 में ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम पारित किया। हालांकि इन नियमों को अभी दिल्ली में अधिसूचित किया जाना बाकी है। दरअसल, डीसीडब्ल्यू को दिल्ली सरकार ने सूचित किया था कि अनुमोदित मसौदा नियम भारत सरकार के गृह मंत्रालय से अनुसूचित नहीं होने के कारण लंबित है। इसके अलावा केजरीवाल सरकार ने आयोग को यह भी जानकारी दी कि राज्य में एक ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है और यह अधिसूचना गृह मंत्रालय के पास लंबित है, साथ ही डीसीडब्ल्यू ने गृह मंत्रालय को अधिसूचना में बताया कि तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित 12 राज्यों ने पहले ही ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया गया है और दिल्ली भी इसमें पीछे नहीं रहनी चाहिए।

डीसीडब्ल्यू ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम के कार्यान्वयन में विशेष रुप से ट्रांसजेंडर को पहचान का प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में कई खामियों को उजागर किया है। जिनका उपयोग उनके द्वारा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया जा सकता है।

डीसीडब्ल्यू ने इस मुद्दे पर सभी जिला अधिकारियों को नोटिस जारी किया था और यह जानकारी सामने आई कि पिछले 3 सालों में दिल्ली में ट्रांसजेंडर को केवल 76 पहचान पत्र जारी किए गए, जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 4200 ट्रांसजेंडर थे। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि केंद्र को दिल्ली के लिए ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन और राज्य के नियमों को तुरंत अधिसूचित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने दिल्ली सरकार से इस सूचना के मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि सरकार ट्रांसजेंडर लोगों के कल्याण के लिए कोई योजना या आश्रय गृह नहीं चला रही। उन्होंने कहा कि इसे तुरंत ठीक करने की जरूरत है।




## स्कूलों के बाद अब समुदाय में पहुंचाया जाएगा हैप्पीनेस पाठ्यक्रम: शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** स्कूलों के बच्चे हैप्पीनेस पाठ्यक्रम से खुश रहने के गुर सीखने के बाद अब वह समुदाय व परिवार को खुश रहना सिखाएंगे। दिल्ली सरकार ने स्कूलों के बाद हैप्पीनेस को समुदाय में पहुंचाने की तैयारी की है। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों के प्राचार्यों, व हैप्पीनेस को-ऑर्डिनेटरों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैप्पीनेस पर आधारित इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आतिशी शिक्षकों को संबोधित करते हुए एक शिक्षक व प्रशासक के रूप में उनकी जिम्मेदारियों पर चर्चा की। इस पर भी चर्चा हुई कि कैसे स्कूलों में हैप्पीनेस पाठ्यक्रम और माइंडफुलनेस गतिविधियों ने सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई है। आतिशी ने कहा कि हैप्पीनेस पाठ्यक्रम ने हमारे स्कूलों के बच्चों के बेहतर इंसान बनना तो सिखाया है। अब स्कूलों में इसकी सफलता के बाद हम इसे समाज में और लोगों तक भी लेकर जायेंगे। इसमें स्कूली बच्चे ही सहयोग करेंगे। बच्चे हैप्पीनेस पाठ्यक्रम की माइंडफुलनेस गतिविधियों के जरिए लोगों को खुश रहना सिखाएंगे।

दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे लाखों बच्चे अपने दिन की शुरूआत माइंडफुलनेस से करते हैं। इससे बच्चों का सारा तनाव दूर हो जाता है। वह सकारात्मक तरीके से सीखने के लिए तैयार होते हैं। आतिशी ने कहा कि हैप्पीनेस पाठ्यक्रम की माइंडफुलनेस गतिविधियों से न केवल बच्चों का तनाव दूर हुआ है।

### चर्चा की

**= शिक्षा मंत्री आतिशी शिक्षकों को संबोधित करते हुए एक शिक्षक व प्रशासक के रूप में उनकी जिम्मेदारियों पर चर्चा की**



## ठगी मामले में सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ सुनवाई 10 अप्रैल तक टली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** पटियाला हाउस कोर्ट ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर दो सौ करोड़ रुपये की ठगी के मामले में आरोपित सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ सुनवाई दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग पर सुनवाई टाल दी है। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।
शुक्रवार को प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टल गई। दरअसल, मामले के आरोपित सुकेश चंद्रशेखर ने इस मामले की सुनवाई स्पेशल जज शैलेंद्र मालिक की कोर्ट से ट्रांसफर करने की मांग की है। आज कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर की न्यायिक हिरासत 13 अप्रैल तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने इससे पहले 14 फरवरी को ईडी को निर्देश दिया था कि वो इस मामले में जांच के दौरान जब्त 26 गाड़ियों की नीलामी करे। बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने 13 जनवरी को अपना बयान दर्ज कराया था। 3 जनवरी को बॉलीवुड एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया था। इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने चाहत खन्ना को गवाह बनाया है। आर्थिक अपराध शाखा के मुताबिक चाहत खन्ना तिहाड़ जेल में सुकेश चंद्रशेखर से मिलने जाती थी। चाहत खन्ना को सुकेश ने दो लाख रुपये और एक महंगी घड़ी दी थी।

### जिरह

**= शुक्रवार को प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टल गई**

## चौथी मंजिल से शख्स ने लगाई छलांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** रोहिणी कोर्ट की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। चौथी मंजिल से छलांग लगाने के बाद व्यक्ति की हलाल नाजुक बनी हुई और उसको इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच के आधार पर कोर्ट परिसर से छलांग लगने वाला व्यक्ति डिप्रेशन में लग रहा है।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखकर बेमौसम बारिश से त्रस्त दिल्ली के किसानों को एक लाख रूपए प्रति एकड़ का मुआवजा देने और फ्री बिजली की झूठी घोषणा कर किसानों की भावनाओं से खिलवाड़ करने वाली बिजली मंत्री आतिशि पर कार्रवाई की मांग की है। सचदेवा ने अपने पत्र में कहा है कि गत 10 दिन की खासकर कल शाम की बेमौसम बरसात से दिल्ली के हजारों किसानों की फसल नष्ट होने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। गत 2 वर्षों में भी किसान की फसल इसी तरह नष्ट हुई है और आज किसान त्रस्त है, क्योंकि केजरीवाल सरकार ने अभी तक अधिकांश किसानों को गत दो वर्ष का घोषित फसल नुकसान अभी तक नहीं भुगताया है।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि किसानों के फसल नष्ट होने का मुआवजा केजरीवाल सरकार ने नहीं दिया और अब बिजली मंत्री सुआतिशि ने एक झूठी घोषणा की कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के किसानों को मुफ्त बिजली देती है जिसे उपराज्यपाल बंद करवा रहे हैं, जबकि केजरीवाल सरकार दिल्ली के किसानों को एक यूनिट भी बिजली मुफ्त नहीं देती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दुख जताते हुए कहा कि कोई सरकार इससे अधिक किसानों की भावनाओं से क्या खिलवाड़ करेगी। आज दिल्ली का किसान बिजली इस्तेमाल करे ना करे औसतन 2000 रूपए तक का प्रतिमाह का बिल अदा करने को बाध्य है।
उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि दिल्ली के किसानों को हुए नुकसान का सर्वे करवा कर एक लाख रूपए प्रति एकड़ का मुआवजा घोषित करें। दिल्ली का किसान देहाती खेती करता है पर उसका खर्च शहरी होता है इसलिए मुआवजा अधिक होना चाहिए।

### मांग

**= पत्र लिखकर बेमौसम बारिश से त्रस्त दिल्ली के किसानों को एक लाख रूपए प्रति एकड़ का मुआवजा देने की मांग की**

## दोस्त को मारने के लिए सिवान से बुलाए शूटर, प्रॉपर्टी डीलर को ऑफिस में मारी थी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कारोबारी** साझीदार से अनबन होने पर एक शख्स ने उनकी हत्या करने की ठान ली। इसके लिए उसने बिहार के सिवान से शूटरों को दिल्ली बुलाया। शूटर ने गोली चलाई लेकिन जिन पर गोली चलाई, वह बाल-बाल बच गए। द्वारका जिला पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की तो पुलिस के हत्थे न सिर्फ आरोपी चढ़े बल्कि सिवान में अवैध हथियार के काले धंधे का भी पता लगा लिया। इस मामले में अभी तक पांच आरोपियों शिव कुमार, सतेंद्र, राहुल, अंकुर, बबलू की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनके कब्जे और निशानदेही पर 8 पिस्टल, 11 कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। छानबीन अभी जारी है।
**15 मार्च को मारी गोली:** द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि 15 मार्च को द्वारका नॉर्थ थाना क्षेत्र में बिजेंद्र नामक प्रॉपर्टी कारोबारी पर गोली चलने की सूचना मिली। हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम को इस मामले में आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।
**साजिशकर्ता को किया गिरफ्तार:** टीम ने तकनीकी छानबीन व सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सूचनाएं एकत्रित करनी शुरू कीं। मामले में पुलिस ने सतेंद्र, राहुल, अंकुर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से दो पिस्टल पुलिस ने बरामद हुईं। एक मोटरसाइकिल भी इनके कब्जे से बरामद की गई। पूछताछ में तीनों ने बताया कि घटना का मुख्य साजिशकर्ता शिव कुमार है। इसके बाद शिव कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
**पूछताछ में सामने आया सिवान कनेक्शन:** शिव कुमार ने पूछताछ में बताया कि बिजेंद्र और वह पहले दोस्त थे। किसी बात दोनों में अनबन हुई। इसके बाद शिव कुमार ने बिजेंद्र से बदला लेने का फैसला किया। इरादा करने के बाद वह सिवान गया ताकि वहां से शूटरों का इंतजाम किया जा सके। इस कार्य में सतेंद्र ने उसकी मदद की। राहुल व अंकुर नामक दो शूटरों को दिल्ली बुलाया गया।
**पूछताछ के बाद सिवान में की छापेमारी:** दोनों को हथियार खरीदने के लिए पैसे दिए गए। यहां बिजेंद्र को उनके कार्यालय में इन्होंने गोली मारी और मोटरसाइकिल से फरार हो गए। जब पुलिस ने यह पूछा कि दोनों पिस्टल कहां से खरीदे तब उन्होंने कहा कि ये पिस्टल सिवान स्थित पाली गन हाउस से खरीदे हैं। इसके बाद टीम ने सिवान में छापेमारी की। वहां पुलिस ने पाली गन हाउस के संचालक बबलू शर्मा को गिरफ्तार किया। गन हाउस में पुलिस को छह अवैध पिस्टल मिले। बबलू से पूछताछ में पता चला कि उसे पूर्व में सिवान मे दर्ज एक प्राथमिकी में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को यह भी पता चला कि बबलू गन हाउस की आड़ में अवैध हथियार का काला धंधा कर रहा था। अवैध हथियार वह मध्यप्रदेश के भिंड से खरीदता था। पुलिस को छानबीन में पता चला कि बबलू जम्मू कश्मीर के अपराधियों के भी संपर्क में है जो आतंकियों के संपर्क में हैं।

### शिकंजा

**= पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पुलिस के हत्थे न सिर्फ आरोपी चढ़े बल्कि सिवान में अवैध हथियार के काले धंधे का भी पता लगा लिया**



## संपादकीय

# स्वस्थ विश्व का आधार बना 'मिलेट्स'

**मिलेट्स** यानी मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य, खेतों की मिट्टी, पर्यावरण और आर्थिक समृद्धि में कितना योगदान कर सकता है, इसे इटली के रोम में खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्यालय में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष (आईवाईओएम) के शुभारंभ समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संदेश से समझा जा सकता है- 'हमारी जमीन और हमारी थाली में विविधता होनी चाहिए। अगर खेती इकहरी फसल वाली हो जाए, तो इसका बुरा असर हमारे और हमारी जमीन के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। मोटे अनाज हमारी खेती और हमारे भोजन की विविधता बढ़ाते हैं। मोटे अनाजों के प्रति सजगता बढ़ाना इस आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोग और संस्थाएं, दोनों ही बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं। संस्थाओं के प्रयास से मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है और समुचित नीतियां अपनाकर इनकी फसल को फायदेमंद बनाया जा सकता है। लोग भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए मोटे अनाजों को अपने आहार में शामिल करके इस पृथ्वी के अनुकूल विकल्प चुन सकते हैं। मुझे विश्वास है कि 2023 में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष का यह आयोजन सुरक्षित, टिकाऊ और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक जन आंदोलन को जन्म देगा।'

पिछले कुछ सालों से लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ी है। खासकर कोरोना के बाद से यह चेतना चिंता में बदल गई है। लोगों ने महसूस किया है कि अगर खानपान और जीवनशैली में बदलाव नहीं लाया गया, तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। यही वजह है कि ज्वार, रागी, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुट्टू, जैसे अनेक मोटे अनाज की पूरी दुनिया में मांग बढ़ी है। लेकिन भारत ने तो इस चेतना की अलख काफी पहले से ही जगानी शुरू कर दी है। 2014 में जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सत्ता में आई, तभी से इस दिशा में प्रयास किये जाने लगे थे। इन्हीं प्रयासों का नतीजा था वर्ष 2018 को सरकार द्वारा राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया। मिलेट के वैश्विक उत्पादन में 18 प्रतिशत भागीदारी के साथ भारत आज विश्व का सबसे बड़ा मिलेट उत्पादक देश बन चुका है और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की दृष्टि से भी दुनिया के मिलेट उत्पादक देशों में दूसरे स्थान पर आ चुका है। वर्तमान में विश्व के लगभग 130 देशों में मिलेट उगाए जा रहे हैं और एशिया व अफ्रीका महाद्वीप में रहने वाले लगभग साठ करोड़ लोगों के नियमित भोजन का हिस्सा बने हुए हैं। उत्पादन और उत्पादकता के 2016 से 2021 के आंकड़ों पर नजर डालें, तो हम पायेंगे कि विश्व के पांच सबसे बड़े पोषक अनाज (मिलेट) उत्पादक देशों में भारत के अलावा नाइजर, सूडान, नाइजीरिया और माली जैसे देश शामिल हैं। भारत में 142.93 लाख हेक्टेयर जमीन पर इनकी खेती होती है और पांच साल में औसतन 156.12 लाख टन मिलेट का उत्पादन हुआ, जबकि दूसरे स्थान पर रहे नाइजर में 107.16 हेक्टेयर भूमि पर सिर्फ 56.39 लाख टन उत्पादन रहा। पूरे विश्व में मिलेट उत्पादन का औसत 890.92 लाख टन है, जिसमें 156.12 लाख टन से ज्यादा भारत में उपजा है। उत्पादकता (किलोग्राम प्रति हेक्टेयर ) की दृष्टि से सिर्फ नाइजीरिया ही भारत से आगे है, वह भी बहुत कम।

# वन संरक्षण अधिनियम एवं विनियमों में उदारीकरण की प्रक्रिया

डॉ. रमेश चंद

"वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं। वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है"

**वानिकी,** कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं-फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा।

वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं।

वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की



काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपनाकर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था।

इस बीच देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वन नीति 1988 और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 लागू की गई। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 नवंबर, 2014 को राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को "वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों के लिए कटाई और पारगमन नियमन" के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिदेशों में पेड़ों की कटाई के लिए किसी भी प्रतिबंध से मुक्त प्रजातियों की सूची और निजी भूमि पर उगने वाले वृक्षों की प्रजातियों के लिए उदार पारगमन नियम का स्पष्ट उल्लेख किया गया। इसके बाद, इस मामले को नीति आयोग द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सुधारों के एक भाग के रूप में राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के समक्ष उठाया गया। कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करने के लिए अपनी ओर से अधिसूचनाएं जारी कीं। किंतु, अधिकांश राज्यों में इनका सक्रियतापूर्वक अनुपालन नहीं किया गया।

निजी भूमि पर उगाए गए पेड़ों की कटाई और पारगमन पर प्रतिबंधों को सीमित तौर पर उदार बनाए जाने से वानिकी के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में काफी कमी हुई। निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों की कटाई पर प्रतिबंध में छूट की अधिसूचना के एक साल बाद, वन क्षेत्र का उत्पादन लगातार तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 1950-51 से ऐसा कभी नहीं हुआ। इसी तरह, 2014-15 के बाद दो वर्षों के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आई और उसके बाद की अवधि में आयात में वृद्धि होने के बजाय उतार-चढ़ाव होता रहा। स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि देश में कुछ इलाकों में चिनार जैसी कृषि वानिकी प्रजातियों के रकबे में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध हटाने की जानकारी देश के बड़े हिस्से में नहीं पहुंच पाई है। इस जानकारी को गांव के स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में, उत्पाद की आपूर्ति के स्रोतों, यानी- भूमि या निजी भूमि - का पता लगाने के उपाय उपलब्ध हैं। पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के त्वरित और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादन हेतु अब तकनीकी विकल्प उपलब्ध हैं। हालांकि, विभिन्न प्रकार के विनियामक प्रतिबंधों के कारण पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के बाजार बेहद ही अविकसित हैं। यदि इन बाधाओं को हटा दिया जाए, तो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के अन्य तीन उप-क्षेत्रों की तरह ही वानिकी क्षेत्र में भी ह्लभूरी क्रांतिह्न की अपार संभावनाएं हैं।

## कविता

शब्द तेरे, छंद तेरे कविता तेरी,

हवाएँ तेरी,शहर तेरा,मंजिल तेरी,
पल ठहर जायेंगे,मर्जी होगी तेरी।

शब्द तेरे, छंद तेरे,कविता तेरी,
गुनगुनायेंगे हम,हामी होगी तेरी'

आसमान तेरा,रंग तेरे,परिंदे तेरे,8ई
उकेरेंगे आकृति, गर मर्जी होगी तेरी.

भाव तेरा, मन तेरा, भावनाएं तेरी,
रच लेंगे पंक्तिया, गर होगी लेखनी तेरी।

कलिया तेरी,पुष्प तेरे,उपवन तेरा,
हाथों में सजा देंगे, गर होगी मेहंदी तेरी।

कुह कुह तेरी,चह चहाहट तेरी,
खूब चहकेंगे,होगी चांदनी तेरी।

झरने तेरे,नदियां तेरी,सागर तेरे,
पी लेंगे नीर,गर नदी होगी
तेरी।

पगडण्डी तेरी,सड़के भी तेरी,
तय करेंगे सफर,गर होगी गालियां तेरी।

पवन तेरा,गगन तेरा,आकाश तेरा,
उड़ जायेंगे, गर होंगी आशिकी तेरी।

संजीव ठाकुर

## विषयाभाव के मारे व्यंगकार

लिखने वाले लोगों की आत्मा की खुराक लेखन होती है । व्यंग लिखने वाले व्यंग कार की आत्मा की खुराक कुछ ज्यादा ही लंबी चौड़ी होती है। वह कितना भी लिखे उसे कम ही लगता है जहां किसी व्यंग कार ने समाज में कोई विद्रूपता देखी उसे लिखने की भूख जाग उठती है। लेखक को लिखे बिना चैन मिल ही नहीं सकता। दरअसल लेखक एक अबोध बालक के समान होता है उसे लगता है कि वह अपने कलम से दुनिया को बदल देगा। अब कितना बदलाव हो रहा है यह सब तो आप भी देख रहे हैं। फिर भी अंतिम सांस तक वह कोशिश करता रहता है करता रहता है। लेकिन आजकल मुझे खूब विषयाभाव हो गया है। पहले राजनीति से मेरे अंदर के व्यंग कार लेखक को भरपेट भोजन मिल जाता था । भोजन में मसालेदार सब्जी के साथ साथ चटनी और रायता भी खूब मिलता था। पर आजकल भूखों मरने की नौबत आ गई है क्योंकि भयंकर रूप से विषयाभाव हो गया है। कभी सपने में भी नहीं सोचा था ऐसा दिन आएगा। लेकिन आखिरकार ऐसा दिन आया। अब दिन कैसा आया है आप जनता से ज्यादा अच्छा कौन समझ सकता है आप पब्लिक है पब्लिक सब कुछ जानती है। पहले मजे से लिखती थी क्योंकि तब समाज में ढेर सारी विसंगतियां थी । लेकिन जब से राजनीति की सारी विद्रूपता दूर हो गई है सारे नेता स्वच्छ छवि वाले, बेदाग, सेवाभावी , निस्वार्थ सेवा भाव वाले हो गए हैं। जनता की सारी समस्याएं दूर हो चुकी हैं। तब से मुझे राजनीति में कोई विषय ही नहीं मिल रहा है । भगवान किसी को इतना अच्छा भी नहीं होना चाहिए। फिर मैंने सोचा अपने मनपसंद पुलिस विभाग पर ही व्यंग लिख डालु ।लेकिन जब से सारे पुलिस वाले ईमानदार, नैतिक नियमों को पालन करने वाले ,जनता को डंडे के बजाय बात से समझाने वाले, थाने में जाने पर गाली के बजाय आप कह कर बुलाने वाले, घुस और रिश्वतखोरी से कोसों दूर रहने वाले, एवं मृदुभाषी हो चुके हैं मैंने अपना माथा पीट लिया है आखिर इन्हें क्या जरूरत है इतना अच्छा होने की ईश्वर इनको इतना अच्छा होने की सजा जरूर देना इन्होंने मुझे बेरोजगार कर दिया है। आखिर किसी का रोजगार मारना कहां की शराफत है। फिर सोचा मैंने देश की अदालतों एवं वकील पर ही कोई व्यंग लिख डालु, पर वहां का दृश्य तो और ही बदला हुआ दिखा मुझे... लोक अदालतों के चक्कर लगाने वाले लोग सुबह से शाम में न्याय पा जा रहे हैं, सबको न्याय समान रूप से मिलने लगा है बिना भेदभाव मिल रहा है। एक भी केस पेंडिंग नहीं है शाम को हुआ जुर्म सुबह तक न्याय मिल जा रहा है। फिर मैं किस मुंह से इन लोगों पर व्यंग लिखूं... ईश्वर ऐसा बुरा दिन किसी लेखक को किसी को ना दिखाएं। जैसा मुझे दिखा रहे हैं। फिर मैंने सोचा सबको छोड़िए देश की बेरोजगारी पर ही कुछ लिख लिया जाए यह भी एक व्यंग के लिहाज से बहुत अच्छा विषय है लेकिन जब से देश के सारे नौजवानो को सरकारी नौकरियां उपलब्ध हो गई है ।और सब के कार्य में व्यस्त हो जाने की वजह से अपराध शुन्य हो चुका है।

## व्यंग्य

# दूध की कहानी, दूध की जुबानी!

सुनील कुमार महला

**दूध** को 'शक्ति का पर्याय' माना जाता है। माना क्या जाता है दूध है भी शक्ति का पर्याय। दूध पीने से तुरंत एनर्जी मिलती है। अजी ! एक तरह से यह शारीरिक शक्ति का स्रोत है। हमारे बुजुर्ग कहते आए हैं कि दूध पौष्टिक होता है और बुद्धि के विकास में कारगर होता है।यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में जो स्थान दूध को प्राप्त है, वह किसी अन्य पेय या खाद्य पदार्थ को नहीं है। नब्बे के दशक में जब युवा शीतल पेय पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे थे तो 'दूध दूध दूध दूध' के जिंगल विज्ञापन ने हमें याद दिलाया कि 'दूध' जीवन के लिए 'मोस्ट इंपोर्टेंट लिक्विड' है। यह बात अलग है कि इंडिया आजकल कौनसा दूध पीता है और यह दूध कहाँ से आता है और कहाँ जाता है, कुछ अता पता नहीं है ? दूध में पानी है या पानी में दूध है, कुछ समझ में नहीं आता है। मतलब पानी दूध है या दूध पानी है, अजीब घालमेल है। दूध का पानी से और पानी का दूध से कैसा तालमेल है।दूध में मिलावट की जब खबरें अखबारों में, मीडिया में आतीं हैं तो हमें बहुत डर लगता है और हम सहम सा जाते हैं। हम दूध की महंगाई से उतना नहीं डरते,जितना कि दूध में मिलावट से डरते हैं। खैर, जो भी हो, आदमी को हर वक्त घर में दूध तो चाहिए ही, भले ही कॉफी बनाने के लिए, चाय बनाने के लिए,पीने के लिए, खीर या अन्य मिष्ठान बनाने के लिए। अब, दूध की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसमें 'उफान' बहुत आता है। वैसे भी जिस दूध में 'उफान' नहीं आए, वह दूध ही क्या ? दूध में शक्ति होती है और आपको तो पता ही है कि शक्ति हमेशा बाहर की ओर उफान मारती है। वो हमने सुना है कि आजकल दूध महंगा हो गया है। बहुत उफान मार रहा है। सारी आग दूध में लग गई है। अजी ! आग तो लगेगी ही न, ढ़ोर पालना कौनसा आसान काम है आजकल ? अन्य चीजें महंगी तो दूध को भी अन्य चीजों की बराबरी करनी ही है, अन्यथा दूध अन्य चीजों से पीछे रह सकता है। खैर जो भी हो। सिलेंडर कूदता है तो दूध भी कूद लेता है। अजी ! दूध में तो पहले से ही कुदरत की ओर से उफनने-उफनाने के गुण मौजूद हैं लेकिन बावजूद इसके यह बाजार द्वारा लगातार 'उफाना' जा रहा है। अजी ! दूध की फितरत ही कुछ ऐसी है, वह उफने बिना नहीं रहता। दूध मन ही मन कुलबुलाता रहता है, फनफनाता रहता है। आदमी आजकल दूध खरीदता नहीं है। उसे दूध पर भरोसा नहीं रहा। दूध है कि पानी है। पानी है कि दूध है। दूध में मिलावट है या मिलावट में दूध है। इसीलिए दूध हर एक डेढ़ महीने बाद आदमी को देख यह गाता रहता है-' तू कहाँ ये बता....माने ना मेरा दिल दिवाना... हाय रे ! माने ना मेरा दिल दिवाना...!' बहरहाल, आप कभी अपने गैस स्टोव के पास खड़े हो जाइए, दूध कभी नहीं उफनेगा। गारंटेड नहीं उफनेगा। यकीं मानिए आप। उफन ही नहीं सकता है। लेकिन यदि आपने थोड़ी सी भी उसे(दूध को) अकेला छोड़कर इधर-उधर तांक-झांक कर ली तो यह बरतन के पतले होंठों(किनारों) को छूता हुआ गैस स्टोव व आंगन/फर्श के साथ कुश्ती लड़ता नजर आएगा। खैर, जो भी हो, लोगों में महंगे दूध की बड़ी कसक है। आज चारे के दामों में अभूतपूर्व वृद्धि हो गई। दूध उत्पादकों का मुनाफा कम हो गया। प्रश्न यह है कि बच्चों, बुजुर्गों के लिए दूध आएगा कहाँ से ? दूध 'शक्ति' है लेकिन दूध है कहाँ ? दूध को यूं कसूरवार न ठहराओ कि वह हरदम उफनता है। सारा का सारा कसूर 'दूध' का नहीं है कि वह हरदम उफनता है। आज बेचारी गाएं तो चारे की जगह आज कूड़े के ढ़ेर पर अनगिनत 'पॉलीथीन' खा रहीं हैं। अब गाएं पॉलीथीन खाएंगी तो दूध तो 'उफनेगा' ही न। बारिश नहीं है तो चारा नहीं है। आदमी के पास इस चारे के लिए कोई चारा नहीं है। आज चारा गया मारा। वैसे न, एक पते की बात और बताऊँ कि 'दूध' और 'पराली' में सीधा संबंध पाया जाता है। पराली जल रही है तो दूध भी तो 'जल' रहा है, मतलब उफन रहा है। आज दूध उत्पादन में घोर कमी है लेकिन बाजार में दूध, इससे बने उत्पादों तथा मिठाइयों में कोई कमी नजर नहीं आती। बाजार में मिठाइयों की दुकानें मिठाइयों से उफनी पड़ी हैं। अजी ! दूध 'रसायनों की मिलावट' से भी उफनता ही है। कुल मिलाकर, दूध में उफान के बावजूद बाजार में दूध की बहार है। दूध की यही असली कहानी है।गुस्ताखी माफ। जय राम जी की।

**(आर्टिकल का उद्देश्य पाठकों का मनोरंजन करने तक सीमित है, किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना इस आर्टिकल का उद्देश्य नहीं है।)**

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# मैं मूरख खल कामी

डॉ. सुरेश

**एक** दिन मुझे लगा कि मेरे चारों ओर मूर्खों की संख्या अधिक हो गयी है। मुझे इन मूर्खों का पता लगाने की इच्छा हुई। इसके लिए मैंने अपने एक घनिष्ठ मित्र की सहायता ली। चूँकि मेरा मित्र मुझे और मेरे ईर्द-गिर्द रहने वालों को अच्छी तरह से जानता था, सो यह जिम्मेदारी उसे सौंप दी। मैंने उससे कहा कि तुम जल्दी से मूर्खों की सूची बनाओ जिससे मैं वैसे लोगों से दूर रह सकूँ। उनके कारण आए दिन मेरा समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। काफी हाथ-पैर मारने के बाद मित्र ने एक सूची बनायी। सूची देखकर मेरे तोते उड़ गए। मेरे चारों खाने चित्त थे। उस सूची में एक मात्र मेरा नाम लिखा था। यह देखकर मैं अपना आपा खो बैठा। मैंने मित्र से पूछा कि तुम्हें कुछ अक्ल-वक्ल भी है या नहीं? तुम्हें मेरा नाम लिखते हुए शर्म नहीं आयी? तुमने ऐसे-कैसे मेरा नाम लिख दिया? उसने मेरा गुस्सा शांत करने की लाख कोशिश की। मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर था। आव देखा न ताव। बाल नोंचते हुए कहा कि मैं मित्रता बहुत सोच-समझकर करता हूँ। हाँ यह अलग बात है कि इनमें एकाध लोग मूर्ख हो सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि तुम मेरा ही नाम लिख दो। मैं तुमसे शर्त लगाता हूँ कि यदि तुम मुझे मूर्ख साबित कर दोगे तो मैं तुम्हारा हर कहा मानूँगा। इस पर मित्र ने कहा कि सबसे पहले तो आपके दिमाग में यह बात आयी ही क्यों कि कौन बुद्धिमान है और कौन मूर्ख? बुद्धिमान लोगों पर संदेह करना या उनकी बुद्धिमता पर प्रश्नचिह्न लगाना मूर्खों का लक्षण नहीं तो और क्या है? इसीलिए मेरी नजर में आपसे बढ़कर कोई दूसरा मूर्ख हो ही नहीं सकता। मैं अपना आपा खो चुका था। मित्र से कहा कि तुम्हें मैंने मेरे मूर्ख मित्रों की सूची बनाने की जिम्मेदारी क्या सौंप दी, तुम स्वयं को बड़ा बुद्धिमान समझने लगे। तुमने मेरे सभी मित्रों को मूर्ख बताने की बहुत बड़ी भूल की है। मैं तुम्हें यह साबित कर दिखाऊँगा कि मूर्ख मैं नहीं तुम हो। इस पर मित्र ने कहा कि यदि ऐसा होता भी है तो आप ही मूर्ख साबित होंगे। सबसे पहली बात तो यह कि जो व्यक्ति स्वयं को बुद्धिमान मानता हो और वही मूर्ख मित्रों की खोज में लगा हो तो वह मूर्ख नहीं तो और क्या होगा? इसीलिए आपसे बढ़कर मूर्ख और कौन हो सकता है? सच तो यह है कि मूर्ख-वूर्ख नाम का कोई प्राणी होता ही नहीं है। जो हमारे काम आ जाए वह समझदार, बुद्धिमान लगने लगता है।

## शिक्षा में एप्टीट्यूड टेस्ट का महत्व

विजय गर्ग

**एप्टीट्यूड** टेस्ट आपके तार्किक तर्क और सोचने की क्षमता तक पहुँचता है। उनमें बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं और उन्हें उचित परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है। परीक्षण सख्ती से समयबद्ध हैं। आम तौर पर, दिया गया समय परीक्षण में प्रश्नों की संख्या पर निर्भर करता है। अधिकतर एक प्रश्न के लिए 60 से 90 सेकेंड का समय दिया जाता है। एप्टीट्यूड टेस्ट में कई तरह के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इन विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता हैः वर्बल एबिलिटीः इसमें एक व्यक्ति के अंग्रेजी बोलने के कौशल शामिल हैं। इसमें वर्तनी और व्याकरण शामिल हैं। यह शब्दों के सटीक अर्थ, गठन वाक्य या वाक्य संरचना, मुहावरों और कहावतों की समझ पर आधारित है। यह जानकारी को समझने, सूचना को याद करने और भाषा अवधारणाओं को समझने जैसे कौशल का परीक्षण करता है। वर्बल एबिलिटी में शामिल प्रश्न निम्न प्रकार के हो सकते हैंः वर्तनी प्रश्न लापता शब्द प्रश्न लापता शब्द प्रश्न पर्यायवाची और विलोम शब्द जोड़ी प्रश्न समझ तार्किक प्रश्न न्यूमेरिक एबिलिटीः इसमें बुनियादी गणित जैसे जोड़, घटाव, गुणा और भाग शामिल हैं। कुछ परीक्षणों में, डेटा व्याख्या भी मौजूद होती है जिसका अर्थ है चार्ट और ग्राफ की व्याख्या। संख्यात्मक क्षमता को गति परीक्षण के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। गति परीक्षण का अर्थ है कि प्रश्न बहुत सरल हैं और उन्हें हल करने के तरीके बहुत स्पष्ट हैं। यह सिर्फ इस बात पर विचार किया जाता है कि आप दिए गए समय में कितने प्रश्नों का सही उत्तर दे सकते हैं। आपको कैलकुलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। न्यूमेरिक एबिलिटी में शामिल प्रश्न निम्न प्रकार के हो सकते हैंः अंकगणितीय प्रश्न अनुक्रम और श्रृंखला वर्णमाला द्वारा दर्शाई गई संख्याएँ डेटा व्याख्या सार तर्कः इसमें ऐसे प्रश्न शामिल हैं जिनका वास्तविक दुनिया में बहुत कम या कोई अनुप्रयोग नहीं है। प्रश्न पैटर्न और आकृतियों के बारे में आपकी समझ का परीक्षण करता है और आकृतियों और आकृतियों के बीच समानता और अंतर का भी परीक्षण करता है। इस परीक्षा के लिए किसी शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। स्थानिक तर्कः इसमें चित्र बनाने या उनकी व्याख्या करने की आपकी क्षमता शामिल है।

# आर्यन ने नेशनल सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता ब्रान्ज पदक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उड़ीसा में 24 से** 27 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित नेशनल सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एसके मार्शल आर्ट एकेडमी करनाल के 2 खिलाड़ी आर्यन राणा व सिद्धार्थ का सिलेक्शन नेशनल ताइकवांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ था, जिसमें खिलाड़ियों ने हरियाणा की तरफ से भाग लेकर अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।
इस प्रतियोगिता में आर्यन राणा ने 25 किलो वर्ग भाग में भाग लेकर पांडिचेरी, वेस्ट बंगाल व बिहार के खिलाड़ियों को हराकर ब्रोंज मेंडल हासिल किया और अपने हरियाणा का नाम पूरे देश में रोशन किया। आर्यन राणा एक गरीब परिवार से है। गवर्नमेंट मिडिल स्कूल का सातवीं क्लास का छात्र है। पिता जी सब्जी बेचने का कार्य करते हैं। इस तरह के खिलाड़ियों को गवर्नमेंट को भी सपोर्ट करना चाहिए। इसी खुशी में एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा खिलाड़ियों का मान सम्मान करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और उन्हें आईटी आई चौक से फूल मालाएं पहनाकर व ढोल बजाकर उनका

**8 एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य देश के लिए खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी तैयार करना है**

मान सम्मान करते हुए एकेडमी तक ले जाया गया। मास्टर सतीश कुमार राणा ने बताया कि एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य देश के लिए खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी तैयार करना है, जिससे हमारे देश का हर नोजवान साथी खेल में भाग लेकर फिट रहेगा और देश को फिट रखेगा और देश को खेलो में भाग ले कर मेडल दिलवाकर देश का नाम रोशन करेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे डिप्टी मेयर नवीन कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पंकज गाबा, अतिथि जयद्रथ शर्मा, सुखबीर, गौरव एडवोकेट, दीपक गोस्वामी, रणबीर सिंह बिल्ला, प्रवीण जांगड़ा, साहिल जांगड़ा, सभी अतिथिगणों द्वारा खिलाड़ी आर्यन व सिद्धार्थ को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।
एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन के मेंबर व पदाधिकारीगण और राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा भी खिलाड़ियों को फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अशोक कुमार, राम कुमार, महिन्द्रो देवी, करण, मिथून कुमार, राहुल कुमार, पूजा, नवल देवी, मोनी देवी, अनीता देवी, आरती, अमर सिंह, राहुल, शूरेन्दर कुमार, देविंद्र कुमार, संजय कुमार, नवीन कुमार, कपिल, बिरम बाबा व सतोश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# जो व्यक्ति संकल्पित है, वही सच्चा साधक है : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क में योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में चल रही योग कक्षा में साधकों ने बरसात के बावजूद योग क्रियाओं का अभ्यास किया। बरसात भी योग शिक्षकों व साधकों के 365 दिन योग करने का संकल्प को नहीं तोड़ पाई। सडकों और पार्क में पानी भरे होने के बावजूद सभी योग के लिए कक्षा में पहुंचे। साधकों के उत्साह में कोई कमी नहीं थी। दिनेश गुलाटी ने कहा कि यदि हम एक संकल्प मन में धारण करें तो योग करने से कोई भी बाधा कोई भी परिस्थिति हमें विचलित नहीं कर सकती। प्रकृति के सानिध्य में योग करें। तभी हम लोग का सही लाभ और सही महत्व समझ पाएंगे। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत, जो व्यक्ति संकल्पित है, वही सच्चा साधक है और योग साधक किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। कक्षा में उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग साधकों ने कहा कि नित्य प्रयोग करना बहुत आवश्यक है और वह एक दिन भी योग को छोड़ नहीं सकते। इसलिए बरसात में भी यहां पहुंचे हैं और दैनिक क्रियाएं की।

## न्यूज फ्लैश

### विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेवारी: जसबीर मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों का पदार्फाश करने के लिये 2 अप्रैल को यमुनानगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा विपक्ष आपके समक्ष रैली आयोजित की जा रही है । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा करेंगे और कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष श्री उदयभान ,सांसद चौ दीपेंद्र हुड्डा सहित



कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। मलौर ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है और अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र से हजारों लोग शामिल होंगे । उन्होंने कहा कार्यक्रम के लिये कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंप दी गई है। उन्होनें कहा कि भाजपा एक के बाद एक जनविरोधी फैसले लेकर न केवल प्रदेश को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा समाज के सभी वर्गों को भुगतना पड़ रहा है ।महँगाई दिनप्रतिदिन बढ़ती जा रही है और आम व्यक्ति को दो जून की रोटी के लाले पड़े हुये है ।परिवार पहचान का बहाना बनाकर गरीब लोगों की पेंशन काटी जा रही है । अपने चहेतों को लाभ पहुचाने के लिये बी पी एल परिवारों के राशन कार्ड काटे जा रहे है। किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई करने की बजाय सरकार अपनी फसल अपना ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से किसानों को परेशान किया जा रहा है। मंडी में किसानों की फसल ओने पौने दामो पर खरीदी जा रही है जबकि खाद ,बीज और रासायनिक दवाईयों के भाव आसमान को छू रहे है। बेमौसम वर्षा के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी है और सरकार को पोर्टल की बहानेबाजी छोड़कर किसानों को कम से कम 30000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देने चाहिए। श्री मलौर ने कहा कि माननीय राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करना भाजपा सरकार की घबराहट का नतीजा है क्योकि माननीय राहुल गांधी लगातार चंद पूंजीपतियों द्वारा जनता का पैसा लूटे जाने का विरोध कर रहे थे । जनता आने वाले चुनावों में भाजपा को सबक सिखाएगी और देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाएगी ।

### भारत का सबसे बड़ा फैशन स्टोर, ट्रेंड्स अब होडल में खुल गया है

**पलवल।** भारत की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने झारखण्ड राज्य के जमशेदपुर जिले में परसुडीह शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की है। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे-छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर-घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। होडल में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी। इस शहर के ग्राहकों को मिलेगा शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। 6078 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर, जो कि होडल का पहला स्टोर है, अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर दे रहा है खास ऑफर: - 3999 की खरीदारी करें और पाएं आकर्षक उपहार 249रुपये का , इतना ही नहीं ग्राहकों को 3999 की खरीदारी पर मिलता है 2000 तक की कीमत का कूपन बिल्कुल मुफ्त। तो अभी ट्रेंड्स के होडल स्टोर पर जाएं और बेहतरीन फैशन की खरीदारी का अनुभव पाएं!


### छात्र हार्दिक कुमार दीवान ने अपनी पुस्तक की गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा को भेंट

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कैंब्रिज स्कूल रेवाड़ी में पढने वाले 12वीं कक्षा के की एक प्रति भेंट की, जोकि सिर्फ एक किताब नहीं है बल्कि हार्दिक का मिशन है। हार्दिक और नीरज चोपड़ा ने भारत के अपने तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने की आवश्यकता के बारे में चर्चा की। नीरज चोपड़ा ने कहा, आप जैसे युवा शक्ति ही देश को आगे बढ़ाएंगे। नीरज चोपड़ा ने हार्दिक की कम उम्र में किताब के विमोचन पर भी बधाई दी। हार्दिक ने भी उन्हें आने वाली वर्ल्ड चैंपियनशीप के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हार्दिक के साथ उनके नाना एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, हार्दिक की माता नीलम दीवान, पानीपत उपायुक्त सुशील सारवान मौजूद रहे। हार्दिक को पहले भी बहुत प्रसंसित किया गया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रे , मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत कही जानी- मानी हस्तीओं ने सरहाना की है।



**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं. : 9991270143**

# जैन एकता मंच का महिला सम्मेलन 16 अप्रैल को दिल्ली में



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जैन समाज** के संगठन जैन एकता मंच द्वारा महिला सम्मेलन 16 अप्रैल को केदारनाथ साहनी सभागार सिविक सेंटर नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
जैन एकता मंच हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष गौतम ने बताया कि सम्मेलन में पूरे देशभर से हजारों महिलाएं भाग लेंगी। सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को जोडकर उनके बीच एकता बढ़ाना है।
सम्मेलन में विभिन्न जैन समुदायों से आई महिलाएं भाग लेंगी, जो अपने अनुभवों और ज्ञान को बाटेंगी। एकता मंच का प्रमुख उद्देश्य धार्मिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को बढ़ाना है। इस अवसर पर भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आपस में विचार-विमर्श करने का पूरा मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन नए चित्र अनावरण, झंडा रोहन, दीप प्रज्वलन के साथ होगा।

# मां भगवती चौकी का श्रद्धापूर्वक हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मां झंडेवाली** सेवा समिति की ओर से नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित मां भगवती चौकी का श्रद्धापूर्वक समापन किया गया। श्री सेवा समिति आश्रम में नवरात्र के दिनों में महामाई का गुणगान किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया। अंतिम दिन कंजक पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना किया गया। इससे पूर्व कंजक पूजन किया गया।



पूजन यजमान के रूप में भाजपा रामनगर मंडल महामंत्री एवं भाविप श्री राधा कृष्ण शाखा के सचिव प्रमोद नागपाल ने परिवार सहित मां का श्रृंगार किया और चुनरी चढ़ाई। समिति की ओर से प्रमोद नागपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस

**8 अंतिम दिन कंजक पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया**

दौरान कंजकों को भी चुनरी ओढ़ाई और कंजकों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रों के प्रारंभ के साथ जिन श्रद्धालुओं की ओर से मां भगवती का आह्वान करते हुए अखण्ड ज्योत जलाई गई थी, उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। प्रमोद नागपाल ने समिति द्वारा करवाए गए आयोजन के लिए बधाई दी और आमंत्रित करने पर आभार जताया।

# 'पंचायतों को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने को लेकर सभी बीडीपीओ दें शपथ पत्र'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों का अब तक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हुआ है, सम्बधित खण्ड़ विकास एवं पंचायत अधिकारी तुरंत उपलब्ध करवाएं अन्यथा उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायतों के रिकॉर्ड को उपलब्ध करवाने को लेकर सभी खण्ड़ विकास एवं पंचायत अधिकारी उपायुक्त कार्यालय में आज ही शपथ पत्र जमा करवाना सुनिश्चित करे। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में ग्राम पंचायतों के रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने को लेकर एसडीएम, डीडीपीओ तथा बीडीपीओ के साथ समीक्षा कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ग्रामीण विकास का केन्द्र बिंदु है, ग्राम पंचायतों को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाना ग्राम सचिव व सम्बधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी का दायित्व है।

# धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है समाज में आपसी भाईचारा: राजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में आपसी एकता सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने शुक्रवार को आसोदा गांव में एडवोकेट बलबीर सिंह, सात माता मंदिर सेवा समिति एवं समस्त आयोजित हवन एवं भंडारा कार्यक्रम में प्रसाद वितरण का सेवा कार्य करते हुए कही। हवन एवं भंडारा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राजेंद्र सिंह जून का एडवोकेट बलबीर सिंह व मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया व एडवोकेट बलबीर ने भारत माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।

# 'शिकायतों का निवारण करना प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री म**नोहर लाल द्वारा जनता और प्रशासन के बीच की खाई को कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के अधिकारियो को अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करने के निर्देश दिए है । इन निदेशी की अनुपालना को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण किया। उपायुक्त ने जन सुनवाई के दौरान जहां अपने कार्यालय से सम्बधित आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया, वहीं अन्य शिकायतों के निवारण के लिए सम्बधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना दायित्व बनता है ऐसे में सभी अधिकारी सरकार के दिशा निर्देश अनुसार अपने-अपने कार्यालयों में लोगों की शिकायते सुनें और उनका समाधान करे।
उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने सरल केन्द्र के माध्यम से विभिन्न विभागो की पांच सौ से अधिक सेवाओं तथा जन कल्याणकारी योजनाओं को ऑनलाइन किया है, ऐसे में लोगो को इन सेवाओं का लाभ घर बैठे ही मिल रहा है। सरकार की इस योजना के लागू होने से लोगो को कार्यालय के बार-बार चक्कर नहीं काटने पड़ रहे है, इसके अलावा बिचौलियों से भी छुटकारा मिला है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से सम्बधित समस्याओं के निवारण के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में अलग से व्यवस्था की गई है।

# 'अवैध खनन की घटनाओं को लेकर अधिकारी बरतें सख्ती'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों से जिले में अवैध खनन पर लगाम लगाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिग में अधिकारियों से अवैध खनन रोकने को लेकर किये गये उपायों के बारे में समीक्षा की व अवैध खनन की घटनाएं भविष्य में ना घटे इसको लेकर सख्ती बरतने के निर्देश दिये।
मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी शॅड्यूल बनाकर हर महीने टास्क फोर्स की बैठक करें। जहां पर अवैध खनन की घटनाओं की शंका नजर आती हो वहां मोनिटरिंग करें। जरूरत पड? पर सख्ताई बरतें। उन्होंने अवैध खनन को लेकर जिले अनुसार क्या स्थिति है व क्या एक्शन प्लान है पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी मेल के जरीये अतिशीघ्रता से सूचनाओं का आदान प्रदान करें। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिले में अवैध खनन को लेकर वे जिले में लगातार निगरानी बरते हुए हैं। जिले में अवैध खान को लेकर स्थिति नियंत्रण में है। वे अगले महीने नियमित रूप से अवैध खनन को लेकर टास्क फोर्स की बैठके करेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि अवैध खनन को लेकर जिले में 4 एफ.आई.आर. दर्ज की गई है जिसमें एक पर चार्ज सीट हुआ है।मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कहा कि वे गंभीरता से कार्य करें व अवैध खनन की रोकथाम को लेकर सर्तकता बरतें। उन्होंने इस दौरान कितने चलान हुए है व रिक्वरी की क्या स्थिति है की भी जानकारी ली।



### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन चालक ने बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। गांव कुमासपुर निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि वह हाल में गांव का चौकीदार है। उसने जानकारी मिली की जीटी रोड पर फ्लाई ओवर के पास व्रूक्ति की लाश पड़ी हुई है। जिसका चेहरा कुचला हुआ है।

# 'गांवों के अंदर तालाबों की सफाई और फॉर्म पौंड बनाने का कार्य पूरा करें अधिकारी'

## सभी ब्लॉक के बीडीपीओ को तेजी से तालाबों की सफाई का कार्य करने के दिए

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने जिले के गांवों में मिशन मोड के तहत तालाबों की सफाई और फॉर्म पौंड निर्माण का कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी ब्लॉक के बीडीपीओ को कहा कि मानसून सीजन से पहले इस कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। इसमें कोई कोताही न बरतें, अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में तालाबों की सफाई से जुड़ी एक बैठक के दौरान बोल रहे थे।
उपायुक्त ने कहा कि तालाबों की सफाई का कार्य बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी ब्लॉक में तालाबों को खाली करवाकर, उनमें मनरेगा के तहत खुदाई व सफाई का कार्य किया जाए। उन्होंने इस संबंध में ब्लॉक अनुसार सभी बीडीपीओ से प्रगति रिपोर्ट ली और समीक्षा की। करनाल बीडीपीओ ने जानकारी दी कि रंबा, सुभरी, टिकरी और सुहाना में तालाबों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है, जबकि 11 अन्य गांवों में आगामी अप्रैल अंत तक कार्य शुरू हो जाएगा। इंद्री बीडीपीओ ने बताया कि ब्लॉक के 3 गांवों ब्याना, खेड़ी जट्टान, शेरगढ़ में कार्य शुरू हो गया है जबकि 11 अन्य गांवों में जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। घरौंड़ा ब्लॉक के पनौड़ी, चौरा खालसा और पीर बड़ौली में तालाबों की सफाई का कार्य शुरू हो चुका है जबकि अप्रैल तक 7 अन्य गांवों में कार्य शुरू हो जाएगा। असंध बीडीपीओ ने बताया कि ब्लॉक के गांवों में अभी तालाब सफाई का कार्य शुरू किया जाना है।
नीलोखेड़ी बीडीपीओ ने बताया कि तीन गांवों में कार्य शुरू हो गया है जबकि 15 गांवों में कार्य शुरू होना है। चिड़ाव ब्लॉक के तीन गांव गोगड़ीपुर, शाहपुर और हेमदा में कार्य प्रारंभ हो गया है यहां के 6 गांवों में कार्य प्रारंभ होना है। निसिंग बीडीपीओ ने जानकारी दी।



# लववंशीय क्षत्रिय खाप ने श्रीराम जन्मोत्सव का किया आयोजन

## नरेला में आयोजित कार्यक्रम में देशभर से हजारों की संख्या में पहुंचे लववंशीय खाप के प्रतिनिधि







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में अखिल भारतीय लववंशीय क्षत्रिय खाप द्वारा रामनवमी व राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम अखिल भारतीय लववंशीय क्षत्रिय खाप के प्रधान चौधरी रणबीर सिंह लववंशी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों से पहुंचे लववंशी खाप के हजारों प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मंच संचालन कुलदीप लववंशी व रोहतास लववंशी ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित कंफर्ट जोन में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव व रामनवमी महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से अखिल भारतीय लववंशीय क्षत्रिय खाप द्वारा मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन नरेला के समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया गया। अखिल भारतीय लववंशीय क्षत्रिय खाप के प्रधान रणवीर सिंह लववंशी (खत्री) की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों के करीब 412 गांव से हजारों की संख्या में पहुंचे लववंशी प्रतिनिधियों का पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ कर भगवान श्रीराम की आरती कर किया गया। इस दौरान भोजन प्रसाद के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें करीब बीस हजार लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात लववंशीय खाप के जो युवा डॉक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी, आईएएस, आईपीएस, जज जैसे उच्च पदों पर कार्य कार्यरत है, उनका पटका पहनाकर माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

इस दौरान देश के अलग-अलग राज्यों से पहुंचे लववंशीय प्रतिनिधियों ने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में बसे सभी लववंशी भाइयों को एकजुट होकर समाज में शिक्षा को बढ़ावा देंगे तो कुरीतियों को दूर करने का कार्य भी करेंगे। इसके साथ ही युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यों को करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि लववंशीय समाज का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है हम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पुत्र लव की संतान हैं इसलिए हमें लववंशी कहा जाता है। हम संसार को मयार्दा, सादगी, अच्छाई, धर्म, अच्छे व्यवहार का पाठ पढ़ाने वाले भगवान श्री राम के वंशज हैं। सभी लववंशीय भाइयों को अपने वंशज भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नरेला शहर राममय में हो गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय लववंशीय क्षत्रिय खाप के अध्यक्ष चौ. रणबीर सिंह लववंशी, संरक्षक टेकराम लववंशी, समस्त नरेला के लववंशी परिवार व इस्माईला से आजाद प्रधान लववंशी, ओम प्रधान लववंशी, मुगान से देवेंद्र, समुंद्र लववंशी, जटवाड़ा सोनीपत से लववंशी मेहताब, अशोक, आनंद, पंछी जाटान से लववंशी आजाद सिंह, चटीया गांव से लववंशी चौधरी चंद्र सिंह, दुधवा गांव से लववंशी हकीकत सिंह सरपंच, खातीवास गांव से कमल सिंह लववंशी, रायपुर से लववंशी सुभाष, नंद गांव मथुरा से चेयरमैन बदन सिंह लववंशी सहित हजारों की संख्या में अलग-अलग राज्यों के लववंशी प्रतिनिधि मौजूद रहे।




# ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने की मंत्री आतिशी से मुलाकात, रखी अपनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चे का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष नरेश डबास के नेतृत्व एवं दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला, शिव कुमार शौकीन दिचाऊं कलां, रघुवीर सिंह तहलान ऊजवा, आशीष ठाकरान बाजीतपुर ठाकरान के सान्निध्य में दिल्ली सचिवालय में शिक्षा, ऊर्जा एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी से मिला।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने शिक्षा, उर्जा एवं लोक निर्माण मंत्री, दिल्ली सरकार आतिशी से बवाना विधानसभा के गाँव प्रहलादपुर बांगर के सर्वोदय कन्या विद्यालय का नया भवन बनाने, खेल परिसर में शैड बनवाने और सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने तथा खेल परिसर के साथ बने दिल्ली सरकार के नवनिर्मित स्कूल भवन को बनाने की मांग की। वत्स ने दिल्ली देहात के हर जिले और जोन में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल बनाने की मांग भी मंत्री महोदया से की।

इसके अतिरिक्त वत्स ने इन दिनों हुई भारी बरसात के कारण दिल्ली देहात में क्षतिग्रस्त हुई पीडब्ल्यूडी की सभी सडकों की तत्काल मरम्मत कराने की भी मांग की। आतिशी ने सभी मांगों को गंभीरता से लिया और उनके त्वरित निदान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। आम आदमी किसान मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष नरेश डबास व अन्य ग्रामीणों ने आतिशी को पगडी पहना कर अभिनंदन किया। इस मौके पर नरेश डबास ने मंत्री महोदया का ध्यान दिल्ली के किसानों को बिजली विभाग द्वारा खेतों में लगे ट्युबवैलों के कनैक्शनों के बिलों की माफी और बेमौसमी बारिश से खराब हुई फसलों का मुद्दा भी उठाया। अपने संबोधन में आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली के ग्रामीणों को भी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है।



### दिल्ली सरकार की मंत्री से मिले ग्रामीण....

= वत्स ने इन दिनों हुई भारी बरसात के कारण दिल्ली देहात में क्षतिग्रस्त हुई पीडब्ल्यूडी की सभी सडकों को तत्काल मरम्मत कराने की भी मांग की। मंत्री आतिशी ने सभी मांगों को गंभीरता से लिया और उनके त्वरित निदान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

= दिल्ली सरकार दिल्ली के ग्रामीणों को भी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है : अतिशी

# यादव समाज को संगठित करने का कार्य कर रही हैं यदुवंशी महासभा : विजेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कहा कि यदुवंशी महासभा के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे की समाज के अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। उन्होंने आगे बताया कि जागरूक समाज से ही देश का विकास होगा, इसलिए मेरी समाज के सभी लोगों से अपील है कि संगठित होकर कार्य करें। जिससे की यादव समाज की जो भी मांगे है उसे सरकार माने। उन्होंने यह भी कहा कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के पदाधिकारी देश के कई राज्यों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है और उन्हें बता रहे है कि यादव समाज की जो सबसे पुरानी मांग है अहीर रेजीमेंट अगर उसे सरकार बना देती है कि इसके क्या-क्या फायदे होगें। यादव ने आगे बताया कि हम अहीर रेजीमेंट की गठन की मांग को लेकर दिल्ली के संसद का कई बार घेराव भी कर चुके है लेकिन सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे है। उन्होंने देश के यादवों से कहा कि सभी संगठित हो जाओं और सभी यादव मिलकर दिल्ली के जन्तर मन्तर पर प्रदर्शन करें। ताकि सरकार अहीर रेजीमेंट का गठन करने पर मजबूर हो जाये।

# देश के लोगों की मदद करने में आगे है भाजपा का सिपाही: विशाल पाण्डेय



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उक्त बातें भाजपा नेता विशाल पाण्डेय ने कही। उन्होंने आगे बताया कि आज शहरों में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की लहर दौड़ी है और गांव के लोग भी विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।



भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में विशाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हो रहे है, जिससे लोग परेशान हो रहे है।


रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्मानित करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य

# खुदरा विक्रेताओं को तुअर दाल पर अनुचित लाभ मार्जिन नहीं रखने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने तुअर दाल की कीमतों को सामान्य रखने के अपने प्रयासों को और बढ़ा दिया है। अरहर दाल की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता के बीच उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे दालों विशेषकर अरहर दाल पर अपना अनुचित स्तर तक लाभ मार्जिन न रखें। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने शुक्रवार को रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) और प्रमुख संगठित खुदरा विक्रेताओं के साथ एक बैठक में यह निर्देश दिया। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस बैठक में उन्हें खुदरा मार्जिन को इस तरह से निर्धारित करने के लिए कहा कि घरों में दालों की खपत की संरचना मूल्य वृद्धि से प्रभावित न हो। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि रोहित कुमार सिंह ने खुदरा विक्रेताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि दालों, विशेष रूप से तुअर (अरहर) दाल के लिए खुदरा मार्जिन को अनुचित स्तर पर नहीं रखा जाए। मंत्रालय के मुताबिक खुदरा उद्योग के कारोबारियों ने सरकार के साथ पूर्ण सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही आश्वासन दिया कि दालों की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।

# शालीमार बाग के पार्क में टूट पड़े हैं झूले, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान : सत्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग स्थित डीडीए के रामस्वरूप ठाकुर दास वाला जिला पार्क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। उक्त जानकारी जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने दी। उन्होंने आगे बताया कि यहां पर लगाए गये झूले व उपकरण समय से पहले ही टूट गए है। जिम का फर्श गत दो वर्ष से खराब है। झूलों के पास गंदे पानी का जमाव हो चुका है।

जहां पर मच्छर पनप रहे है। बैंच के नीचे टाईल्स लगाने का कार्य भी बंद पड़ा है। यहां पर एक सैल्टर की भी आवश्यकता है ताकि बरसात में बैठा जा सके। सत्यपाल शर्मा ने आगे बताया कि यही हाल एए व एबी ब्लॉक के डीडीए पार्क का भी हे, जहां पर सूखे पेड़ ट्रेक पर अवरोध पैदा कर रहे है। अधिकारियों ने गत 6 माह पूर्व निरीक्षण कर आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही सूखे पेड़ो को हटा दिया जायेगा। मगर आज तक कुछ नहीं हुआ है।

एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन यादव ने मांग की है कि अविलम्ब ही सूखे पेड़ हटाये जाये। जिससे की यहां पर सैर करने वाले को परेशान न होना पड़े। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मांग की है कि राम स्वरूप ठाकुर दास जिला पार्क में आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिये जाये। ताकि जनता झूले व अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सके।

मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि जिम का फर्श बदलाया जाएं। छतरी का निर्माण करवाया जाये। बैंचो के नीचे पक्के प्लेटफार्म का निर्माण आदि लम्बित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाये।

# 'लोकतंत्र को बचाने के लिए राहुल हर कीमत चुकाने को तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**रोहत**क से कांग्रेस प्रभारी व पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने व देशवासियों की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हर कीमत चुकाने को तैयार है। जिस तरह भाजपा ने उन्हें फंसाया है, इससे वह पीछे हटने वाले नहीं है। आज राहुल गांधी के भाषण से प्रधानमंत्री डरे हुए है, इसलिए मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द करवाया गया है। लेकिन राहुल गांधी यह सवाल पूछना बंद नहीं करेंगे कि मोदी का अडानी के साथ क्या रिश्ता है, उनको देशवासियों के समक्ष यह बताना पड़ेगा। पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी हरियाणा के निदेशार्नुसार पिछले कई दिनों से चले आ रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी प्रकरण पर एटलस रोड स्थित सोनीपत से



विधायक सुरेंद्र पंवार के कार्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब हो रहे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, विधायक जगबीर मलिक, विधायक जयवीर बाल्मीकि, विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, टीकराम संस्था के प्रधान सुरेंद्र दहिया, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, मनोज रिढाऊ, प्रेम अत्री, सुरेश त्यागी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने जिस संविधान की रचना की थी और लोकतंत्र का सपना संजोया था,उन्हीं सपनों को पंडित जवाहरलाल नेहरु ने क्रियान्वित किया और एक स्वतंत्र लोकतंत्र की नींव रखी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए स्वर्गीय इंदिरा गांधी, स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि आज के दिन देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है और आप सबकी,हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम सब मिल कर इस तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र के ऊपर आये हुए खतरे को भांफते हुए , अपनी आवाज उठाएं, और इस तानाशाह

> 8 आज के दिन देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है और आप सबकी, हमारी जिम्मेदारी बनती है

सरकार को जड़ से उखाड़ फेकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जिस प्रकार गिरफ्तारी हुई और अधिक्तम 2 साल की सजा हुई और उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया गया। ये सब द्वेष पूर्ण भावना के तहत किया गया। उन्होंने कहा कि जिस मकान में राहुल गांधी पिछले 20 साल से बतौर सांसद रह रहे थे, उसको खाली करने का आदेश दे दिया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि किस तरीके से अडानी के शेयरों को चोटी पर पहुंचाया गया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सवाल खड़ा किया कि मोदी जी इसे बारे में बताए। क्योंकि यह मामला भारत की रक्षा से संबंधित हैं इसलिए मामला और गंभीर हो जाता है। इस दौरान कमल हसीजा, बिजेंद्र आंतिल, ललित पंवार, भलेराम जांगड़ा,नरेश अरोड़ा,सुनील कटारिया,प्रेमनारायण गुप्ता,महावीर कबीरपुर,हरेंद्र सैनी,सतीश चेयरमैन ,सुरेश भारद्वाज, हरेंद्र राठी, जोगेंद्र दुभेटा, सुरेश रोहट,शमशेर सिलाना, दिनेश हुडा राकेश नरवाल,इंदर सिंह खोखर,रणदीप खोखर,नरेंद्र गोयल,देशराज कपूर,रविंद्र पहल,कुलदीप देशवाल,दयानंद बाल्मिकी,बिजेंद्र गर्ग,हरी प्रकाश मंडल, गौरव भारद्वाज,कुलदीप पहलवान,संजय पार्षद,महिला कांग्रेस की प्रधान नीलम बाल्यान, राजेश चौधरी, प्रमिला मलिक, रेखा राना,संतोष कादियान,कलावती पांचाल,सुषमा पार्षद,अनीता खांडा, पूनम,मीना धनकड़,मीना कुमारी श्लोचना देवी,सीमा खासा,बबिता दहिया,ममता राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एलर्जी की दिक्कत टेस्ट दिमाग के लिख दिए, धुत्त डॉ. की वीडियो वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** जब किस्मत पहलवान तो अपंग भी पहलवान की कहावत को चरितार्थ करता वाकया कल देर रात सामने आया कि नगर पालिका अम्बाला केंट के निकट शिशु रोग विशेषज्ञ के बारे आमतौर पर रोजाना सुनने को मिल जाता है कि डॉक्टर साहब जो अक्सर नशे में तरबतर हो कर बच्चों का इलाज करते हैं । परन्तु कोई भी इसका खुलमखुल्ला खुलासा नही करता क्यों कि इलाज के माध्यम से उनके फूल जैसे बच्चों की जिंदगी इन डॉक्टर साहब के हाथ रहती है । मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा दी की तर्ज पर गत 2 माह से करीब 30 माह की बच्ची को इलाज के लिए डॉक्टर साहब के पास इलाज के लिए दाखिल किया क्यों कि बच्ची को पेट मे दिक्कत हो रही है जिसके चलते 24 फरवरी को भी इस अस्पताल में दाखिल करवा उपचार करवाया था अब फिर 24 मार्च से प्रात: 6 बजे इमरजेंसी की फीस दे कर अस्पताल में डॉक्टर की इंतजार करते रहे 10 .30 बजे डॉक्टर ने अपने केबिन में आ कर चेक किया



और बच्ची को दाखिल करने की सलाह दी जिसके चलते उसी समय एडमिट होने के बाद से 30 मार्च तक बच्ची की तबियत में कोई संतोष जनक सुधार न होते देख परिजनों ने डॉक्टर साहब को अपनी चिंता व्यक्त की ऐसे में डॉक्टर बात करने की स्थिति में नही लग रहे थे वे पूरी तरह से मदिरा के नशे में लबालब स्थिति में थे उनके इस हालात को प्रत्यक्ष दर्शी ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया उसी समय साहा निवासी परिवार बच्चे को चमड़ी में एलर्जी के इलाज के लिए अस्पताल में विचाराधीन रोगी के परिजनों को बच्चे के दिमाग के टेस्ट लिख दिए जिससे परिजनों में आक्रोश बढ़ गया , डॉक्टर की हरकतों से परेशान परिवारों ने पहले 112 न0 पर फोन कर पुलिस को बुलाया सूचना पाते ही डॉक्टर व अस्पताल का स्टाफ व अस्पताल के अंदर स्थित केमिस्ट शॉप कर्मी अस्पताल छोड़ कर रफूचक्कर हो गए परिजनों का विरोध बढ़ता देख सदर थाणे में लिखित शिकायत दर्ज करवाने का बोल पुलिस ने सदर थाना अध्यक्ष को भी मौके की सूचना दे दी मीडिया को भी भनक मिली।

## न्यूज फ्लैश

### संघ ने बहाली की मांग को लेकर निगम निगम कमिश्नर से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सर्व कर्मचारी संघ की जिला कमेटी एवम नगर पालिका कर्मचारी संघ ने बराडा नगर पालिका से बर्खास्त 57 कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर निगम निगम कमिश्नर से मुलाकात की। जिला प्रधान सेवा राम बोहत की अध्यक्षता में जिला सचिव विकास वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान महावीर पाई,नगर पालिका जिला प्रधान बीरपाल, इकाई प्रधान शकर पम्मा, उप प्रधान शिव खोड़ा राजेंद्र कुमार प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे। गोरएतलब है कि नगरपालिका के 57 सफाई आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सितंबर से नवम्बर 2022 तक का वेतन नही मिला था। प्रशासन से बार-बार गुहार के बाद भी भुगतान न होने पर दिसम्बर 2022 में कर्मचारी धरने पर बैठने के लिए मजबूर हो गए थे। इस दौरान प्रशासन से तीन दौर की बात भी हुई परंतु कोरे आश्वासनों के सिवा कुछ नही मिला। जिसके बाद सर्व कर्मचारी संघ की ब्लॉक कमेटी बराड़ा द्वारा 29 मार्च को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया निगम कमिश्नर ने बताया की आज ही बराड़ा नगर पालिका के 57 कर्मचारियों को दोबारा नौकरी पर रखने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी उन्होंने बताया की इस प्रकिया में लगभग 15 दिन का समय लगेगा और रुके हुए तीन महीने का बकाया वेतन का बहुत जल्द भुगतान कर दिया जाएगा इसके अलावा अंबाला इकाई के 10 सफाई कर्मचारियों का 7 महीने से रुका हुआ वेतन भी जारी कर दिया जाएगा जिला प्रधान सेवा राम ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तय समय में कर्मचारी की समस्या का हल नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### मेयर मदान की अध्यक्षता में निगम की वर्ष 2023-2024 के लिए बजट की बैठक सम्पन्न



**सोनीपत** : नगर निगम सोनीपत के सदन की बजट मीटिंग शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के डी आर डी ए हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेयर निखिल मदान ने बताया कि वर्ष 2023-2024 के लिए नगर निगम का 667 करोड़ ? का वार्षिक बजट पास किया गया है। इसमें निगम के पिछले वार्षिक बजट के 284 करोड़ 91 लाख ? को इस वर्ष में जोड़ा गया है। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2023- 2024 में 382 करोड़ 75 लाख ? आय जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 516 करोड़ 62 लाख रुपए के संभावित खर्चे प्रस्तावित है। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के अंत में 151 करोड़ 4 लाख ? को अगले वर्ष के बजट में ले जाने का प्रस्ताव रखा गया है। सभी प्रस्तावों को सदन में सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में राई से विधायक मोहन लाल बडौली,सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार,निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता,संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, सभी पार्षदगण, निगम अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### अवैध कालोनियों में न करें खरीद-फरोख्त, अन्यथा होगी कानूनी कार्यवाही: डीटीपी सुनील

**पानीपत**: जिला नगर योजनाकार अधिकारी सुनील आंतिल ने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कालोनियों में न तो कोई खरीद-फरोख्त करें और न ही कोई निर्माण कार्य करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा डिवलोपमेंट एण्ड अर्बन एरियाज एक्ट 1975 के तहत शहर के नोटिफाईड एरिया के भीतर अवैध कालोनियों में खरीद-फरोख्त पर पूरी तरह से पाबंदी है। यदि कोई खरीददार, क्रेता-विक्रेता या प्रोपर्टी डीलर इस क्षेत्र के अंदर जमीन की खरीद-फरोख्त करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त की तरफ से अवैध निर्माण को रोकने के लिए जिला में एसडीएम, सीटीएम, डीआरओ, एटीपी की एक संयुक्त कमेटी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि नोटिफाईड एरिया में एक एकड़ या इससे कम क्षेत्र के प्लाट की खरीद-फरोख्त के लिए डीटीपी कार्यालय से एनओसी की जरूरत होती है। जो समय पर जारी की दी जाती है।

# छावनी पड़ाव थाना के नजदीक हाईवे पर 5 गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

छावनी पड़ाव थाना के नजदीक दिल्ली अमृतसर हाईवे पर इंडियन ऑयल के सामने आज एक भयंकर सड़क हादसा हो गया। जिसमें करीब 5 गाड़िया क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन गनीमत रही कि किसी भी सवारी को कोई चोट नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार दिल्ली अमृतसर रोड पर एक ट्रक का एंगल टूट कर सड़क पर जा गिरा जिससे बचने के लिए ट्रक के पीछे चल रही कार ने ब्रेक लगाए जिसके कारण उसके पीछे आ रही गाड़ियों ने भी ब्रेक लगाए

> 8 जिसके चलते आने जाने वाले लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसे ट्रैफिक पुलिस ने बाद में हटवाया

और आपस में टकरा गई। जिस कारण कार चालकों का भारी नुकसान हुआ। इस दौरान हाईवे पर भारी जाम की स्थिति बन गई थी।

जिसके चलते आने जाने वाले लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसे ट्रैफिक पुलिस ने बाद में हटवाया और वाहनों को सुचारू रूप से वापिस चलाया गया।

# 'रबी सीजन को लेकर मंडियों में सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

डा.प्रियंका सोनी ने अपने कार्यालय में रबी सीजन 2023 के द्दष्टिगत अपने कार्यालय में सम्बन्धित खरीद एंजेसियों, विभाग के अधिकारियों व आढतियों के साथ बैठक करते हुए समीक्षा की व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को रबी सीजन के तहत मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने बारे निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान आढ़तियों द्वारा इस विषय के तहत कोई सुझाव या समस्या है उस बारे भी जानकारी हासिल करते हुए सम्बन्धित खरीद



एंजैसियों को निर्देश दिए कि मंडी में रबी सीजन के तहत जो फसल आती है, उसकी जांच करते हुए उसे गोदामों में भिजवाना सुनिश्चित करवाएं ताकि गोदामों से कोई भी ट्रक वापिस न आए और वहां पर बेवजह किसी तरह की कोई स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने इस कार्य के लिए आढ़तियों के सहयोग की भी अपेक्षा की और उन्हें इस कार्य के लिए सहयोग देने के लिए कहा। बेहतर समन्वय के साथ इस कार्य को करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम व तहसीलदार को भी निर्देश दिए कि मंडी में उठान का कार्य सही तरीके से हो, इसके लिए वहां पर समय-समय पर निरीक्षण करने बारे व इस कार्य की गतिविधि पर नजर रखने के लिए डयूटी लगाने के भी निर्देश दिए। मकसद सही तरीके से उठान का कार्य होना चाहिए। उन्होंने बैठक के क्रम में मंडी के दोनों गेटों पर पुलिस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि मंडी में किसी प्रकार की यातायात संबधी कोई समस्या न हो, किसान सुगमता से अपनी फसल को मंडी में बेचने के लिए ला सके। यह व्यवस्था सभी मंडियों में होनी चाहिए। उन्होंने मार्किट कमेटी सचिव को भी निर्देश दिए कि बारीश के मौसम को देखते हुए सभी मंडियों में तिरपाल की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। मंडियों में बरसाती पानी की निकासी के लिए जो ड्रेनेज सिस्टम है वह भी सही होना चाहिए ताकि बरसाती पानी वहां से निकल सके। मंडियों में बारदाने की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, मकसद किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाते हुए उनकी फसलों की खरीद करनी है। इस कार्य में आढ़तियों को भी कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

# आठवी नौवीं ग्यारवीं तक का वार्षिक परीक्षा रिजल्ट घोषित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला शहर के जी .आर. एस. डी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में कक्षा पहली से आठवी नौवीं ग्यारवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवी तथा नौवीं ग्यारवीं तक के परीक्षा परिणाम में पहले , दूसरे व तीसरे आए विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित दिये गए । जिसमे प्रबंधन कमेटी के सदस्य प्रधान नरेश कुमार ,उप प्रधान अरविंद अग्रवाल सचिव रितेश गोयल , सह सचिव रोहित गुप्ता ,कोषाध्यक्ष साहिल गुप्ता , व



प्रिंसिपल प्रदीप शर्मा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके परिश्रम को सराहा और कहा कि यह संस्था सदैव विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में आगे रहेगी, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास होता रहे ।प्रिंसिपल ने अव्वल आए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाए दी।इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधन समिती के प्रधान नरेश कुमार ने कहा की बच्चों को विधालय मे शिक्षा के साथ साथ खेलकुद व उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर प्रयास किया जायेगा ताकि वो जीवन मे आने वाली हर चुनौती को पार कर सके।

## प्रमोद गुप्ता के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे सांसद संजय भाटिया

**समालखा:** भाजपा नेता सौरभ गुप्ता के पिता स्वर्गीय प्रमोद कुमार गुप्ता के निधन के उपरांत आज करनाल के सांसद संजय भाटिया शोक प्रकट करने के लिए उनके निवास पर पहुंचे। संजय भाटिया ने कहा की स्वर्गीय प्रमोद कुमार गुप्ता बहुत ही नेक दिल और सज्जन व्यक्ति थे। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने चरणों में स्थान दे। इससे पूर्व संजय भाटिया हथवाला रोड स्थित नरेंद्रा हस्पताल के मुहूर्त पर पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर लोगों ने फूलों के बुके देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने वहां पर हवन यज्ञ में आहुति डाली और अपने समर्थकों का हालचाल जाना।

# के.पी.ए.के. का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गत दिवस के.पी.ए.के. महाविद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी की अध्यक्षता में विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । गत वर्षों की तरह इस बार भी परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया । बच्चों को ग्रेजुएशन गाउन व कैप पहनाकर भी सम्मानित किया गया। इस शानदार परीक्षा परिणाम से विद्यार्थी व उनके माता पिता बहुत प्रसन्न दिखे । विद्यालय की प्रधानाचार्या जी ने उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों व उनके माता पिता को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल गुप्ता जी व मैनेजर डॉ विकास कोहली ने भी उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों व उनके माता पिता को शुभकामनाएं दी।

# माता की नौवीं चौकी पर हुए भव्य भजन संध्या का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**न्यू टाईगर** क्लब नारनौल द्वारा चैत नवरात्र में प्रतिदिन किसी ना किसी भक्त के निवास स्थान पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार नोवा नवरात्र के सिटी पोस्ट ऑफिस गली नियर आजाद चौक मनमोहन सिंह बोहरा के निवास स्थान पर मां सिद्धरात्रि का सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान मनमोहन बोहरा व उनकी धर्मपत्नी के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई। क्लब सदस्य दिनेश शर्मा ने बताया कि माता के पावन नवरात्रों में माता की चौकी लगाकर मां का गुणगान करने का सौभाग्य



किस्मत वालों को प्राप्त होता है। क्लब द्वारा चैत्र नवरात्रों माता की चौकी किसी ना किसी भगत के निवास स्थान पर लगाई गई रात्रि चौकी में भजनों की श्रंखला में भजनों की शुरूआत करते हुए भाई संजय वर्मा ने गणेश वंदना और जय मां जय मां, पवन सोनी में मुंह फेर जिधर देखूं, नवीन वशिष्ठ ने अगर मां ना होती, टिंकू शर्मा ने मन की मुरादे पूरी कर मां, जितेश ने तूने मुझे बुलाया, मास्टर शिवा मैं तो आता रहा, त्रिलोक सैनी में मैया जी मैं थारी बेटी हूं और माता के सिंगार के रचना सुनाकर भक्तिपूर्ण भजनों से चौकी में उपस्थित सभी

> 8 कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई

भक्तजनों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। मुख्य यजमान द्वारा उपस्थित सभी भजन गायकों व क्लब सदस्यों को माता की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के प्रधान राजेश लखेरा, राहुल वर्मा, दिनेश शर्मा, मुकेश वालिया, सुरेंद्र बोहरा, कमलेश बोहरा, सत्यनारायण बोहरा, संजय बोहरा, योगेश बोहरा, हनुमान बोहरा, अरविंद बोहरा, रिंकू बोहरा, दीपक बोहरा और काफी भक्तजन मौजूद रहे।

# डीएवी विद्यालय में सनी स्माइल कैम्प का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

डी॰ए॰वी॰पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों के रचनात्मक और बौद्धिक क्षमता वृद्धि के लिए सृजन शिविर सनी स्माइल कैंप का समापन हर्षोल्लास से किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य आर .पी .राठी ने बताया कि विद्यार्थियों के परीक्षा उपरांत यह शिविर 22 मार्च से 31 मार्च तक समय 9-12 बजे तक लगाया गया। विद्यार्थियों को परीक्षाओं से तनावमुक्त करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रहा।मुख्यतः सात विभिन्न गतिविधियों में विभाजित किया गया है ,जिसमें आर्ट एंड क्राफ़्ट ,संगीत ,नृत्य , वैदिक मैथ्स एवं ऐबकस ,कुकिंग विदाउट गैस ,स्व अभिव्यक्ति आदि विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियां करवाईं गईं। शिविर का प्रारंभ बच्चों ने योगा से किया जिसमें विभिन्न आसन सिखाए गए ।इस शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य बच्चों ने भी भाग लिया।

# भाजपा का खात्मा करने वाली सिर्फ कांग्रेस पार्टी है : भीमसेन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

जी.टी.रोड लाल बती स्थित कांग्रेस भवन में आज कांग्रेस के जिला प्रभारी भीमसेन मेहता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिंद्र बुल्ले शाह ने एक प्रेस वार्ता की। जिसमें भीमसेन मेहता ने बताया की पिछले दिनों पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा निकली गई थी। जिसका उदेशय था लोगों के दिलों में जो बीजेपी ने डर पैदा किया और जो महंगाई, बेरोजगारी है उसे दूर करना। उन्होंने कहा की देश में राहुल गांधी के कद को बड़ता देख मौजूदा सरकार घबरा गई है। अगर इस तरीके से एक विपक्ष के मजबूत नेता राहुल गांधी को दबाने का काम कर रही है। आज हम सभी कांग्रेस के




कार्यकर्ता एकजुट हो कर आम जनता तक ये संदेश पहुँचाने का काम कर रहे हैं की लोकतंत्र के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। जिसको दूर करने के लिए बीजेपी का सफाया कर कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाना होगा। वहीं एक पत्रकार के जवाब में जानकारी देते हुए बताया की ऐसा क्या हुआ जो राहुल गांधी के फैसलों पर इतनी जल्दी की जा रही है। जिला प्रभारी भीम सेन मेहता ने कांग्रेस के संगठन को लेकर कहा बिना संगठन के भी चुनाव हुए हैं। इस बारे में उदय भान, भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में जल्द संगठन की घोषणा की जाएगी ।

आज के दिन हम बीजेपी से मजबूत हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा लगातार कांग्रेस इस तरीके से अभियान चला रही है। जिससे कांग्रेस आम जन के करीब पहुंच रही है। वहीं वरिंद्र बुल्ले शाह ने कहा शहर में ऑनलाइन सेवा को लेकर कहा जिस दिन कांग्रेस सरकार बनेगी ये सब ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम बंद करेंगे। ये जो गलत तरीके से जनता के साथ लूट खसोट चल रही है। सब बंद होगी लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। मौजूदा समय में गरीब जनता राशन कार्ड व बुढापा पैंशन कट जाने के कारण दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिजेन्द्र सिंह कादियान बिल्लू, सचिन कुण्डू, सुभाष बठला व राजकुमार पाहवा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं का जत्था कटरा से शिवखोड़ी के लिए हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण ने बताया संगठन की ओर से श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए गया हुआ है। आज वैष्णो देवी यात्रा करने के बाद सुबह कटरा से रवाना हो गया। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को समाज सेवा समिति की ओर से पानीपत से 200 श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी, नवदुर्गा टेंपल, शिवखोड़ी, चीचि माता मंदिर, ब्रह्मसरोवर लाल के लिए रवाना हुआ था। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने अच्छे से माता वैष्णो देवी की यात्रा की और हर्षोल्लास के साथ शिवखोड़ी के लिए रवाना हुए। शिवखोड़ी के बाद यह जत्था जत्था चीचि माता मंदिर व कल सुबह शाहबाद मारकंडेश्वर महादेव मंदिर कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर स्नान करेंगे। स्नान करने के बाद मां भद्रकाली शक्तिपीठ के दर्शन करेंगे। प्रवीण जैन ने बताया कि आज शिवखोड़ी के दर्शनों को 200 श्रद्धालुओं का जत्था जा रहा है। यह वही शिवखोड़ी है जिसमें काफी समय तक भोलेनाथ ने निवास किया था। कहते हैं जब भस्मासुर ने भोलेनाथ की तपस्या की तो भोलेनाथ ने भस्मासुर को मांगने पर वरदान दिया कि जिसके सर पर हाथ रखोगे वही भस्म हो जाएगा।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# सीएम ने उद्यमियों को हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए किया

## सीएम ने सिख बिजनेस लीडर्स ऑफ इंडिया कॉफी टेबल बुक की रिलीज, हरियाणा में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए बनाया अनुकूल वातावरण, सभी प्रकार की अनुमति 45 दिन में मिल रही – मनोहर लाल

8 हरियाणा में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है, सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएं दी जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सिख बिजनेस लीडर्स ऑफ इंडिया कॉफी टेबल बुक को रिलीज किया जो कि डॉक्टर प्रभलीन ने लिखी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए उद्यमियों को हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है, सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने सिख उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में आकर व्यापार करेंगे तो उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। सरकार ने सिंगल रूफ सिस्टम बनाया है, जिसके तहत उद्योगों को मिलने वाली सभी प्रकार की अनुमति 45 दिन में एक छत के नीचे मिल रही हैं। प्रदेश में अब बिजली आपूर्ति की स्थिति भी बेहतर है। इतना ही नहीं, औद्योगिकीकरण की दृष्टि से राज्य सरकार ने प्रदेश को 4 श्रेणियों - ए, बी, सी और डी में बाँटा है। यदि सी और डी जोन में उद्योग स्थापित करेंगे तो 4000 रुपये प्रति वर्कर प्रति माह अगले 4 सालों तक हरियाणा सरकार प्रोत्साहन के तौर पर प्रतिपूर्ति करेगी। मनोहर लाल ने कहा कि सिख समाज का प्रदेश और देश की उन्नति में बहुत बड़ा योगदान है। यह समाज कर्मशील समाज है और इन्होंने संघर्ष करके अपने व्यापार, अपने परिवार, देश और समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है।

इसके साथ ही जो गरीब है, जो किसी कारण से मुख्यधारा से पीछे रह गए हैं, उनको आगे बढ़ाने के लिए भी सेवा भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दशम पातशाही के समय देश में जो हालात थे, उस समय देश गुलामी की जिंदगी जी रहा था। अपने आप को उजागर करने या अपनी बात कहने और स्वाभिमान से जीने का मौका नहीं था। उस समय गुरु नानक देव जी ने भक्ति आंदोलन शुरू किया। उसके बाद कई कथावाचकों ने भी लोगों में भक्ति भाव पैदा करके लोगों का मन मजबूत करने का काम किया। दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी का समय जब आया तब यह महसूस हुआ कि भक्ति भाव के बाद शक्ति मार्ग का भी उपयोग करना पड़ेगा। शक्ति का प्रयोग करके दुश्मनों को हराकर आगे बढ़ना होगा।







### बाबा बंदा सिंह बहादुर ने मुगलों से मुकाबला कर लोहगढ़ में बनाई राजधानी

**मनोहर** लाल ने कहा कि जब गुरू गोबिंद सिंह जी की बाबा बंदा सिंह बहादुर से मुलाकात हुई और उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में आपकी जरूरत है, जहां जनता पर मुगलों द्वारा अत्याचार किए जा रहे हैं। मुगलों के खिलाफ लड़ने के लिए एक सेनापति चाहिए, जिस पर बाबा बंदा सिंह बहादुर खरे उतरे और अपने आपको अजेय मानने वाले मुगलों को भी लगा कि उनका लोहे के चने चबवाने वाले सेनापति से मुकाबला हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सोनीपत जिले के खंडा शेरी गांव से युवाओं को एकत्र कर सेना बनाने की शुरूआत की थी और इस प्रकार विभिन्न स्थानों का दौरा कर एक सेना खड़ी की और लोहगढ़ को सिख राज की पहली राजधानी बनाया। पहली बार कृषि सुधार का कानून भी उन्होंने ही लागू किया था।

### भाईचारे, त्याग और समर्पण की शिक्षा गुरुओं से ही मिली है...

**गुरु** तेग बहादुर सिंह जी द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान की कहानी को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भाई जैता जी गुरु तेग बहादुर जी के शीश को आनंदपुर साहिब ले जाते हुए सोनीपत पहुंचे, उस समय मुगलों की सेना उनके पीछे थी। उससे बचने के लिए भाई जैता जी सोनीपत के गांव बड़खालसा में छुप गए। इस गाँव के कुशाल सिंह दाहिया, जिनकी शक्ल गुरु जी से मिलती थी, ने गुरु के शीश के बदले अपना शीश न्यौछावर कर दिया जिसे गुरु जी का शीश समझकर मुगल अपने साथ ले गए। कुशाल दाहिया के बलिदान से गुरु तेग बहादुर जी का शीश आनंदपुर साहिब पहुँचाया जा सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई कुशाल सिंह दहिया के इस महान बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा और उनकी याद में बड़खालसा में एक मेमोरियल भी बना है।

### 'मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने किए सराहनीय कार्य'

**कार्यक्रम** में पूर्व सांसद पद्मभूषण सरदार तरलोचन सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा बनने के बाद सिख इतिहास और सिखों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सबसे ज्यादा काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम सब बाबा बंदा सिंह बहादुर के गुण गाते रहे, लेकिन उनकी यादगार में कोई निशानी बनाने की कभी नहीं सोची। मनोहर लाल ने बाबा बंदा सिंह बहादुर जहां राज करते थे, उनकी राजधानी में ही उनकी यादगार में करोड़ों रुपये खर्च करके ऐतिहासिक स्मारक बनवाया है। बाबा बंदा सिंह बहादुर का इतिहास पुनर्जीवित करने में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अहम योगदान है।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए कई अतुलनीय काम – संत करमजीत सिंह:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष संत करमजीत सिंह ने कहा कि सिख धर्म और पंजाबी भाषा के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर के साथ शहीद होने वाले परिवार के वंशज हैं मुख्यमंत्री। बाबा बंदा सिंह बहादुर के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने अलग फाउंडेशन भी बनाया है।

# खेतों से बरसाती पानी की निकासी के लिए 80 करोड़ रुपए मंजूर

8 खेतों में जल भराव की समस्या से निजात के लिए किए जा रहे कार्यों की न केवल जानकारी ले सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल दो से चार अप्रैल को प्रस्तावित जन-संवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याएं जानने व उनका समाधान करने के साथ-साथ खेतों में जल भराव की समस्या से निजात के लिए किए जा रहे कार्यों की न केवल जानकारी ले सकते हैं, बल्कि मौके पर जाकर निरीक्षण भी कर सकते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के दौरे से बाढ़ राहत के लिए किए जा रहे कार्यों को और तेज गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल द्वारा हाल ही में जिला के लो-लाइंग क्षेत्र के खेतों से जलभराव की समस्या से निजात के लिए करीब 80 करोड़ रुपए की राशि मंजूर करवाई गई है, जिसमें से जिले में यमुना जल सेवाएं परिमंडल के तहत आने वाले गांवों में लगभग 48 करोड़ रुपए स्वीकृत हैं। शेष राशि लोहारू जल सेवाएं मंडल द्वारा उसके क्षेत्र में आने वाले खेतों से पानी निकासी में खर्च की जाएगी। जल भराव वाले अधिकांश गांव लगभग उसी क्षेत्र में हैं, जहां पर मुख्यमंत्री का जन-संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि जिले में खेतों से बरसाती पानी निकासी के लिए मंजूद बाढ़ राहत परियोजनाओं पर सिंचाई व अन्य संबंधित विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है। गत वर्ष मंजूर हुई परियोजनाएं इसी महीने जून में पूरी हो जाएंगी तथा अभी हाल ही में सरकार द्वारा मंजूर परियोजनाओं के टेंडर लगा दिए गए हैं। फसल कटते ही खेतों के खाली होने पर परियोजनाओं पर युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया जाएगा। कुछ गांवों में तालाबों की छटाई व खुदाई का काम भी करवाया जा रहा है। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री इन बाढ़ राहत परियोजनाओं की मौके पर ही समीक्षा कर सकते हैं। इसको लेकर संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं, ताकि वह मुख्यमंत्री को अब तक हुए कार्यों की सही ढ़ंग से पूर्ण जानकारी दे सकें।

## सात वर्षीय सियाज पूनिया फैलाएगी नशों के खिलाफ जागरूकता

**हिसार।** हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने शुक्रवार को जिले के डाटा गांव निवासी सात वर्ष की नन्ही परी सियाज पूनिया को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। उन्होंने नन्ही परी सियाज द्वारा ड्रग के प्रति लोगों को जागरूक करने के अभियान बारे में साथ आए लोगों से जानकारी ली व बच्ची से भी उनके अभियान के बारे में बातें करते हुए,ड्रग के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए तैयार, बच्ची का भाषण भी सुना।

# अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठकें नियमित रूप से की जाएं और रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। मुख्य सचिव शुक्रवार को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने संबंधित जिलों में की जा रही कार्रवाई बारे विस्तार से अवगत करवाया। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर गठित पोर्टल में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की हर माह आयोजित होने वाली बैठक के बारे में सूचना डाली जाए। इसके अलावा बैठक की कार्यवाही की सूचना भी निदेशालय को अवगत करवाई जाए। यमुनानगर के एक मामले में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से डाटा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अवैध खनन पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रूप से चेकिंग एवं मॉनिटरिंग करें और आवश्यकतानुसार माइनिंग गार्ड भी तैनात करें। इसके अलावा बाउंडरी संबंधित समस्याओं का भी निदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।



## भिवानी: शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व 12वीं के परीक्षार्थियों को दिया विशेष अवसर

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
ऐसे परीक्षार्थी जो 10वीं तथा 12वीं की परीक्षा के लिए विभिन्न कारणों से आवेदन नहीं कर पाए और परीक्षा से वंचित रह गए थे। ऐसे परीक्षार्थियों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा बोर्ड द्वारा अप्रैल-2023 में एक विशेष परीक्षा का आयोजन करवाया जा रहा है। शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने यह जानकारी दी।बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि ऐसे परीक्षार्थी जो परीक्षा की सभी शर्तें पूरी करते हों तो संबन्धित विद्यालय परीक्षार्थी की पात्रता संबंधी मूल रिकार्ड बोर्ड कार्यालय में चेक करवाने उपरान्त अपने विद्यालय की लॉगिन आईडी के माध्यम से पांच हजार रुपए प्रति छात्र एकमुश्त परीक्षा शुल्क के साथ 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीएसईएच डॉट ओआरजी डॉट इन से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# हुड्डा ने की गेहूं किसानों के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की मांग

8 ऐलान के बावजूद ना सही तरीके से गिरदावरी होती और ना ही किसानों को मुआवजा दिया जाता



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पूर्व मुख्यमंत्री और** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गेहूं किसानों के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की मांग की है। हुड्डा का कहना है कि लगातार बेमौसमी बारिश के चलते खेत में तैयार खड़ी फसलों को नुकसान हो रहा है। बीजेपी-जेजेपी सरकार की तरफ से ऐलान के बावजूद ना सही तरीके से गिरदावरी होती और ना ही किसानों को मुआवजा दिया जाता। प्रदेशभर से किसानों की शिकायतें आ रही हैं कि सरकार गिरदावरी में असल खराबे के मुकाबले बहुत कम नुकसान दिखा रही है। कई जगह फसलों में 60 से लेकर 80 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है, जबकि गिरदावरी में इसे मात्र 20-25 प्रतिशत ही दिखाया जा रहा है। किसानों को ताजा नुकसान की जानकारी अपलोड करने में भी दिक्कत पेश आ रही है। क्योंकि कई जगह ना पोर्टल चल रहा है और ना टोल फ्री नंबर काम कर रहा है। एक तरफ मौसम तो दूसरी तरफ सरकारी अनदेखी किसानों के लिए घातक साबित हो रही है। ऐसे में मुआवजे के साथ बोनस देकर कुछ हद तक सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई कर सकती है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पिछले दिनों सरसों और उसके बाद अब गेहूं में हुए खराबे के लिए किसान मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। अब तक प्रदेश के लगभग 5000 गांवों के एक लाख से ज्यादा किसानों ने 6 लाख एकड़ से ज्यादा फसल में नुकसान की शिकायत की है। लेकिन पोर्टल के भरोसे बैठी सरकार की स्थिति यह है कि गेहूं समेत अन्य फसलों के लिए करवाए गए 57 लाख एकड़ के पंजीकरण में से करीब 23 फीसदी यानी 13 लाख एकड़ से ज्यादा रकबा मैच ही नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से किसान अपनी फसल को मंडी में नहीं बेच पाएंगे। हुड्डा ने सरकार से अपनी पंजीकरण व्यवस्था को सुधारने की नसीहत दी है। साथ ही उन्होंने मांग की है कि लस्टर लॉस वाले गेहूं की पूरे प्रदेश में सरकारी खरीद होनी चाहिए। जबकि सरकार ने सिर्फ 5 जिलों के लिए इसकी अनुमति दी है। बेमौसमी बारिश की वजह से पूरे हरियाणा के किसानों को नुकसान हुआ है। ऐसे में लस्टर लॉस की खरीद भी पूरे हरियाणा में होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। सरकारी खरीद शुरू होने के साथ आवक और बढ़ेगी।

# मंत्री संदीप सिंह ने लाई डिटेक्टर टेस्ट पर मांगा समय

8 कोर्ट ने मंत्री को इस मामले में समय देते हुए अब सुनवाई के लिए 13 अप्रैल की डेट फिक्स की है



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में जूनियर महिला कोच यौन शोषण मामले में पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के लाई डिटेक्टर टेस्ट कराए जाने पर जिला सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान मंत्री संदीप सिंह की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए न्यायालय से समय मांगा गया है। कोर्ट ने मंत्री को इस मामले में समय देते हुए अब सुनवाई के लिए 13 अप्रैल की डेट फिक्स की है।

**चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने दी एप्लिकेशन:** हरियाणा के इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच कर रही चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी टीम ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में संदीप सिंह के लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने के लिए अर्जी दी थी। कोर्ट की ओर से इस मामले में सुनवाई के लिए 31 मार्च की डेट दी गई थी।

संदीप सिंह के खिलाफ पंचकूला स्टेडियम में तैनात जूनियर महिला कोच ने 30 दिसंबर को यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में चंडीगढ़ पुलिस में केस दर्ज कराया है।

**90 दिन बाद भी दाखिल नहीं हुई चार्जशीट:** जूनियर महिला कोच ने हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ 30 दिसंबर को यौन शोषण का मामला दर्ज कराया गया था।

इसके लिए चंडीगढ़ एसएसपी की ओर से आईपीएस पलक गोयल की अध्यक्षता में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। टीम के द्वारा दोनों पक्षों से पूछताछ की जा चुकी है, अब पुलिस को चार्जशीट दाखिल करनी है, लेकिन केस दर्ज होने के 90 दिन बाद भी पुलिस ने चार्जशीट दाखिल नहीं की है।

## स्वास्थ्य ठेका कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
यमुनानगर ट्रामा सेंटर के स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के द्वारा ड्यूटियां बदलने के विरोध में शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। यूनियन के नेताओं का कहना था कि प्रिंसिपल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूनम चौधरी के द्वारा बदले की भावना से कर्मचारियों की ड्यूटी ट्रामा से बदल कर नई बिल्डिंग में लगाई जा रही है। उनको मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्मचारियों को उनकी वर्दी अपने खर्च से खरीद का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया की डॉक्टर संजीव कुमार द्वारा कर्मचारियों के लिए अभद्र भाषा और गाली जैसे शब्दों का उपयोग किया गया है।

# लोकसभा व विधानसभा चुनाव नहीं होंगे साथ-साथ : किरण चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता व तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने कहा कि हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ नहीं होंगे, क्योंकि विधानसभा के चुनाव का समय लोकसभा चुनाव के निर्धारित समय के बाद भी बचा रहेगा। ऐसे में भाजपा नहीं चाहेगी कि बचे हुए छहः महीने पहले चुनाव करवाए। यह बात उन्होंने शुक्रवार को भिवानी में अपने निवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। किरण चौधरी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भिवानी-महेंगद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर श्रुति चौधरी उम्मीदवार होंगी। अब कोई इस संसदीय सीट से उम्मीदवार को लेकर क्या कहता है, इससे वह इत्तेफाक नहीं रखतीं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के भिवानी में 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक के चार दिवसीय दौरे को लेकर किरण चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को हर माह भिवानी में आना चाहिए, ताकि भिवानी का विकास हो सके। यहां की सड़कों में सुधार हो तथा नहरों में पानी पहुंच सके। किरण चौधरी ने कहा कि उनके तोशाम विधानसभा क्षेत्र के गांव बापोड़ा की नहर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर दो-तीन से इतना अधिक पानी आया कि पानी ओवरफ्लो हो गया तथा किसानों की तैयार फसल पानी से लबालब हो गई जबकि इससे पूर्व इस क्षेत्र के लोग एक हजार से 1200 रुपए टैंकर लेकर पानी खरीदकर पीने को मजबूर थे। किरण चौधरी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि राहुल गांधी के परिवार ने देश के लिए जो बलिदान दिए हैं, उनको देश भुला नहीं सकता। मान हानि के मामले में जिस प्रकार से उन्हें दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से सजा दी गई तथा रातों-रात उन्हें निवास खाली करने का नोटिस दिया गया, यह भाजपा की बौखलाहट है।

# सीसीटीएनएस प्रगति रैंकिंग में हरियाणा पुलिस फिर देश में अव्वल

## विभिन्न मापदंडों में 99.99 प्रतिशत अंक हासिल कर सभी राज्यों को पछाड़ा

8 आल इंडिया स्तर पर जारी नवीनतम अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा पुलिस ने सभी राज्यों को पछाड़ते हुए ऑल इंडिया स्तर पर जारी नवीनतम क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग एंड नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) प्रणाली रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस वर्ष फरवरी माह में 99.99 अंक के साथ प्रदेश पुलिस ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस ने सभी राज्यों को पछाड़ते हुए आल इंडिया स्तर पर जारी नवीनतम अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क (सीसीटीएनएस) प्रगति रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग फरवरी 2023 के लिए जारी की गई है। हरियाणा पुलिस ने अखिल भारतीय सीसीटीएनएस रैंकिंग में अब तक हावी रहे कई राज्यों से आगे बढ़कर प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि पर डीजीपी हरियाणा प्रशांत कुमार अग्रवाल ने समस्त पुलिस विभाग की पीठ थपथपाई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक क्राइम ओपी सिंह ने बताया कि सीसीटीएनएस परियोजना कार्यान्वयन एससीआरबी में सभी फील्ड स्तर के पुलिस अधिकारियों और राज्य स्तरीय सीसीटीएनएस टीम के समर्पित और संयुक्त प्रयासों से संभव हुआ है। यह प्रणाली डिजिटल तरीके से अपराधियों की ट्रैकिंग और पुलिस जांच को अपनाने से संबंधित है। हरियाणा पुलिस ने सभी मानकों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है।

**क्या है सीसीटीएनएस:**
सीसीटीएनएस यानी की अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम, केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित मिशन मोड प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य सभी स्तरों पर और विशेष रूप से पुलिस स्टेशन स्तर पर पुलिसिंग की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक और एकीकृत ई-सिस्टम बनाना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी थानों में सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर का क्रियान्वयन हो गया है। इसके अतिरिक्त सभी जिलों के थानों में कनेक्टिविटी भी उपलब्ध करवा दी गई है।

# 'अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई'



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह)।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विडियो कांफ्रेंस के जरिये कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों सहित फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गण सख्ती से पेश आएं और इस कार्य की नियमित तौर टीमें निगरानी के लिए गस्त कर समीक्षा करें। साथ ही उसकी प्रगति रिपोर्ट भी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय में प्रस्तुत करें। सीएस संजीव कौशल आज शुक्रवार को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। सीएस संजीव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने जिलों में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।

सीएस संजीव कौशल मुख्यालय के सभी अधिकारियों के साथ जिलेवार एक-एक करके अवैध खनन क्षेत्रों और अवैध क्रेशरजोनों की समीक्षा करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दे रहे थे। सीएस ने जिला वार बैठक में 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा भी की। वहीं प्रदेश में जिला वार अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की गई और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में समीक्षा कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। सीएस संजीव कौशल ने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए। वहीं क्रशर जोन व रेत के अवैध लाइसेंसों की निगरानी बारे समीक्षा की गई।

सीएस ने कहा कि प्रदेश में 6 पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय को जरूर दें।

उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और दिल्ली तथा नोएडा सहित पडोसी प्रान्तों से अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग पर जोर : एडीसी अपराजिता



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह)।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा है कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फसलों के रबी सीजन के दौरान जिला की मंडियों में खरीद का कार्य एक अप्रैल से किया जा रहा है और लिफ्टिंग कार्य भी साथ साथ किया जाना सुनिश्चित करें। एडीसी अपराजिता आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकारी एजेंसियों द्वारा जिला फरीदाबाद में रबी सीजन फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग,कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हैफेड, एफसीआई,वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, राजस्व और कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी ली गई। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रबी सीजनल फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए साफ- सफाई, झराई, तुलाई, उठाई, फसलों की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अदायगी सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से मंत्रणा की गई। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रबी की फसलों के खरीद के लिए सरकारी हिदायतों के अनुसार की जाने वाले संभावित क्रियान्वयन बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं एक एक करके अन्य विभागों और कारपोरेशन के अधिकारियों ने उनके विभागों की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन की बारीकी से जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छ उत्सव 2023 के तहत शहर में निकाली स्वच्छता यात्रा



**गन्नौर: स्वच्छता** और कचरा प्रबंधन में महिलाओं के योगदान को दर्शाने एवं भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा शुरू की गई स्वच्छता उत्सव विमन आइकन इन सैनिटेशन अवार्डस 2023 को लेकर शहर में स्वच्छता यात्रा निकाली गई। स्वच्छ भारत मिशन के सिटी टीम इंचार्ज पोषण मलिक ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा निकाल कर आमजन में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता की अलख जगाई गई। इस मौके पर लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि स्वच्छता उत्सव पुरस्कार 2023 का उदेश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों एवं महिलाओं द्वारा निजी तौर पर स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन में गई प्रेरक और अनुकरणीय पहल का प्रचार-प्रसार करना है। खर्ब ने स्वच्छता को लेकर महिलाओं की भागीदारी की सराहना भी की। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

### रौनक पब्लिक स्कूल ने दो दिवसीय किंडरगार्टन स्नातक समारोह मनाया

**गन्नौर:** रौनक पब्लिक स्कूल ने दो दिवसीय किंडरगार्टन स्नातक समारोह मनाया गया। संगीत समूह और छात्र तुषार कौशिक ने अपने गीतों के साथ दोनों दिन शानदार प्रस्तुति दी। पहले दिन कार्यक्रम की शुरूआत प्री प्राइमरी विंग की गतिविधि समन्यवक (एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर) कुलदीप कौर ने दीप प्रज्जवलित किया। ग्रेजुएशन सेरेमनी की शुरूआत केसरी गीत पर केजी के बच्चों की शानदार देशभक्ति की प्रस्तुति की। जिसने दर्शकों को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। इसके बाद नर्सरी के बच्चों ने रैंप वॉक किया। वे मंच पर मुस्कान और आत्मविश्वास के साथ चले। सभी विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा के परिणाम कार्ड देकर सम्मानित किया गया। दूसरे दिन की शुरूआत सीनियर विंग एक्टिविटी को ऑर्डिनेटर शुचिस्मिता चक्रवर्ती और मिडिल विंग कोऑर्डिनेटर सुश्री निधि जैन द्वारा दीप प्रज्जवलन करके की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत प्री-नर्सरी स्टार्स की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद नर्सरी के बच्चों ने रैंप वॉक किया। नर्सरी के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य किया। इसके बाद प्री नर्सरी और नर्सरी के बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्री प्राइमरी विंग की समन्वयक सुश्री रूपिंदर कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन वास्तव में न केवल छोटे बच्चों के लिए बल्कि माता-पिता और सलाहकारों के लिए भी एक गर्व का क्षण था, उनके बच्चों ने अपने शिक्षकों से वार्षिक रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किया था।

### विधायक निर्मल चौधरी कि माता स्व . ओमपति देवी की रस्मक्रिया में कई राजनेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

**गन्नौर:** विधायक निर्मल चौधरी की माता स्वर्गीय ओमपति देवी की तेहरवीं रस्मक्रिया में कई राजनेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके निवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी। विधायक निर्मल चौधरी की मां का 23 मार्च को निधन हो गया था। सांसद रमेश कौशिक ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हिम्मत दी कि वे इस दुख के समय में उनके साथ हैं। सांसद ने कहा कि भगवान शोक संतप्त परिवार को हिम्मत दें और यह असीम दुख सहने की ताकत प्रदान करें। इस दौरान जिला उपायुक्त ललित सिवाच, एसडीएम अनुपमा मलिक, एचसीएस सुरेंद्र दून, सीटीएम डा. अनमोल, सीएमओ डॉक्टर जयकिशोर, साहब सिंह, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र कौशिक, राई विधायक मोहनलाल बडौली के भाई माईराम बड़ौली, नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, महासिंह गाहल्याण, पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़, समाजसेवी अमित मुन्ना, कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार,अग्रवाल सभा के प्रधान राजकुमार अग्रवाल ,अंतराष्ट्रीय कोच सतबीर खोखर, पूर्व चेयरमैन महाबीर चिरस्मी, पंचायत समिति की उपाध्यक्ष कृष्णा चिरस्मी, सहकारी चीनी मिल के पूर्व डायरेक्टर रोहताश छिकारा व कप्तान नांदल, राजलू गढ़ी के सरपंच बिजेन्द्र राठी,एडवोकेट सुन्दर रापरिया सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गंदा पानी के जमाव के कारण वकील व लोग परेशान

**राई: राई** तहसील परिसर में बरसाती पानी की निकासी न होने के कारण तहसील में आने वाले वकीलो व बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन राई के सह सचिव अमित कौशिक उर्फ रामलाल, सुमित एडवोकेट, जगदीप नाथूपुर, मोनू असावरपुर ने बताया कि जब से राई तहसील बनी है तब से लेकर आज तक पानी का प्रशासन के द्वारा निकासी के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने उपायुक्त से गंदे पानी की निकासी के समाधान की मांग की है।

## लार्ड कृष्णा प्ले एन्ड कान्वेंट स्कूल के पांचवे वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बतौर विपुल गोयल

**8 स्कूल में ओल्ड फरीदाबाद व आस पास के लगभग 250 से ज्यादा बच्चे पाँचवी कक्षा तक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह)**

ओल्ड फरीदाबाद के भूड कॉलोनी में स्थित लार्ड कृष्णा प्ले स्कूल ने अपना पांचवा वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया। जिसमे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की ओर अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पुरस्कार भी वितरण किये। आपको बता दें हाल फिलहाल स्कूल में ओल्ड फरीदाबाद व आस पास के लगभग 250 से ज्यादा बच्चे पाँचवी कक्षा तक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने सभी को सम्बोधित करते हुए स्कूल प्रबंधन कमेटी ओर आये छात्र व अभिभावकों को पांचवे वार्षिक उत्सव की बधाई दी। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का आने वाला भविष्य बताया ओर संदेश दिया की खूब दिल लगाकर पढो ओर अपने माता पिता का नाम रोशन करो लेकिन कभी भी कम नंबर आने पर निराश न हो बल्कि पहले से अधिक मेहनत करो ।

विपुल गोयल ने इस मोके पर स्कूल के सभी अध्यापक गणों को भी संदेश देते हुए कहा की अध्यापक हमेशा छात्रों के जीवन में एक शिल्पकार की भूमिका निभाते है जिस प्रकार मिट्टी को कोई भी रूप देकर उसे मूर्तिकार कितना भी सुंदर ओर अच्छा बना सकता है ठीक उसी प्रकार ये नन्हे बच्चे है इन्हे खूबसूरत ओर अच्छा बनाने का श्रेय अध्यापकों को ही जाता है। इससे पहले पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में पहुँचकर विद्या की जननी माँ सरस्वती के सामने वंदन कर दीप प्रज्वलित किया । इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओं से सम्मान किया ओर बाल रूप कृष्ण भगवान की तस्वीर भी भेंट कर अतिथि सत्कार किया। इस मोके पर हरी किशन चौहान चैयरमेन स्कूल, प्रीती चौहान प्रधानाचार्य, पंडित मुकेश शास्त्री पूर्व चैयरमेन मार्किट कमेटी फरीदाबाद, मुकेश बंसल चैयरमेन आदर्श बाल विद्या केंद्र स्कूल, मनीष राघव एडवोकेट, रेखा मंच संचालक, विनोद भाटी समाजसेवक, नंद राम व सेकड़ो लोगो उपस्थित थे।

## कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सफाई अभियान चलाना सराहनीय: विजय जैन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पीकेजी ग्रुप** ऑफ इंस्टीट्यूट कॉलेज के डीन नीरज ग्रोवर और एक्सीलेंट एडमिनिस्ट्रेटर की संचालिका ज्योति अरोड़ा ने मिल करके शुक्रवार को पानीपत बस अड्डे से सफाई अभियान की शुरूआत की। इस सफाई अभियान कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव जैन ने की और बच्चों को सफाई अभियान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण हलके नेता एवं प्रमुख उद्योगपति विजय जैन पार्षद ने शिरकत की। इस मौके पर विजय जैन ने कहा है कि जिस सफाई अभियान की शुरूआत आज कॉलेज के बच्चों ने की है, यह एक प्रशंसनीय और तारीफ योग्य काम है। जिससे जनता में यह प्रेरणा जाएगी कि मानव जीवन में सफाई का एक अहम योगदान है। जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रेरणा से पूरे देश व प्रदेश में सफाई अभियान चलाया गया। जैन ने बच्चों को कहा है कि आज के बच्चे कल का देश का भविष्य है और बच्चों को नशे की लत से दूर रहना चाहिए।

## मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय बना माधवराव सिंधिया क्रिकेट मेमोरियल कप का विजेता

**राई: माधवराव** सिंधिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिंधिया स्कूल ग्वालियर के द्वारा 25 मार्च से 30 मार्च के बीच करवाया गया। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 8 जाने माने स्कूलों ने हिस्सा लिया। जिनमे वाईपीएस, मोहाली, सिंधिया स्कूल ग्वालियर, डेली कॉलेज इंदौर और राजकुमार कॉलेज राजकोट, मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई जैसे नामदार स्कूलों की टीमों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने पहुँचे। मोतीलाल नेहरू स्कूल ने पहले बलेबाजी करते हुए 20 ओवर में 150 रनों का बड़ा लक्ष्य राजकुमार कॉलेज राजकोट के सामने रखा।

## राजेश जून ने हवन एवं भंडारा कार्यक्रम में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट ,समाजसेवी एवं आरजे अस्पताल के चेयरमैन राजेश जून ने हलके के गांव आसौदा में आयोजित हवन एवं भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट बलबीर सिंह, सात माता मंदिर सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून का मंदिर सेवा समिति तथा ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया व एडवोकेट बलबीर सिंह ने भारत माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। राजेश जून ने मंदिर में पूजा अर्चना करने के उपरांत भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत ग्राम वासियों से बातचीत करते हुए राजेश जून ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। धार्मिक आयोजन भारत की पुरातन संस्कृति से जुड़े रहे है। प्राचीन काल में भी इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं जिनमें सभी वर्ग एक साथ स्थान पर बैठकर प्रसाद ग्रहण करते थे। यह परंपरा प्राचीन काल से निरंतर चली आ रही है। राजेश जून ने हवन एवं भंडारा कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट बलबीर सिंह , सात माता मंदिर सेवा समिति व समस्त ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक व सामाजिक आयोजन समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए ताकि समाज का सभी वर्ग एक स्थान पर बैठकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का भागीदार बन सके। इस अवसर पर राजेश जून ने मौजूद लोगों से कहा कि जनहित व समाज हित के किसी भी कार्य के लिए मेरी जरूरत पड़े तो मुझे निसंकोच बता सकते हैं। मौजूद लोगों ने कांग्रेस नेता राजेश जून द्वारा धार्मिक सामाजिक कार्यों के साथ जनहित में किए जा रहे कार्यो की सराहना भी की।

## फर्जी मैसेज भेजकर ठगी का नया तरीका



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह)** साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए इंडियन ऑयल में तैनात रिसर्च मैनेजर से 35 हजार रुपये हड़प लिए। रिसर्च मैनेजर का नाम ऊषा रानी है। वे सेक्टर-81 ग्रेटर फरीदाबाद में रहती हैं। ठगों ने बैंक का फर्जी मैसेज भेजकर ठगी की। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पास एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा था कि आपके ससुर से मैंने 15 हजार रुपये लिए थे। उन्होंने यह रुपये आपको बैंक अकाउंट में देने के लिए बोला है। ऊषा ने कॉल करने वाले को अपना बैंक खाता नंबर बता दिया। 50 हजार रुपये क्रेडिट होने का आया मैसेज थोड़ी देर बाद ही उनके पास मैसेज आया कि 50 हजार रुपये आपके खाते में क्रेडिट हो गए हैं। उस व्यक्ति का उनके पास दोबारा फोन आया। उसने कहा कि गलती से आपके खाते में 15 हजार की जगह 50 हजार रुपये चले गए हैं। आप मुझे 35 हजार रुपये वापस लौटा दीजिए। ऊषा रानी ने मैसेज सरसरी निगाह से देखा और 35 हजार रुपये बताए गए नंबर पर वापस कर दिए। रुपये भेजने के बाद उन्होंने मैसेज ध्यान से देखा तो मालूम चला कि वह मैसेज उनके बैंक की तरफ से नहीं था, बल्कि फर्जी मैसेज था।

जो उस व्यक्ति ने खुद टाइप कर-के भेजा था। तब उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना प्रभारी बसंत कुमार का कहना है कि इस तरह फर्जी मैसेज भेजकर ठगी का यह नया तरीका है। लोगों को चाहिए कि अज्ञात व्यक्ति के साथ आनलाइन लेन-देन करते वक्त सावधानी बरतें। रुपयों के लेन-देन से संबंधित अचानक आए किसी कॉल पर विश्वास न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति को रुपये ट्रांसफर न करें।

## आयुष विभाग और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह)**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और हरियाणा के आयुष विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इसके अंतर्गत श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रदेश के छह हजार पीटीआई और 1000 योग सहायकों को प्रशिक्षण देगा। साथ ही विश्वविद्यालय आयुष विभाग के साथ मिल कर विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग भी करवाएगा। इसके लिए बाकायदा विद्यार्थियों को छह महीने के लिए पांच हजार रुपए मासिक स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। आयुष विभाग की संयुक्त निदेशक वंदना सिसोदिया और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए.इस मौके पर प्रो. आर एस राठौड़ ने कहा कि आयुष विभाग के साथ यह एमओयू अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे योग कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग करने के लिए एक अच्छा विकल्प मिल गया है। योग कोर्स कर रहे विद्यार्थी आयुष विभाग के साथ मिलकर ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे। इस दौरान उन्हें बाकायदा स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह राशि आयुष विभाग द्वारा वहन की जाएगी। कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रदेश में कार्य कर रहे लगभग 1000 योग सहायकों को भी प्रशिक्षण देगा इसी के साथ 6000 पीटीआई के लिए भी प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे भविष्य में बेहतर नतीजे सामने आएंगे।

विश्वविद्यालय में योग कोर्स को बढ़ावा मिलेगा।

विद्यार्थियों को आयुष विभाग में ऑन द जॉब ट्रेनिंग करने का मौका मिलेगा। कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि सरकार बाकायदा उन्हें पांच हजार स्टाइपेंड भी देगी। इससे विश्वविद्यालय के सीखो और कमाओ, अपनी पहचान बनाओ' की अवधारणा और मजबूत होगी।

## अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में क्रमिक वृद्धि व उपाधि दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**जी टी** रोड़ स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में के.जी कक्षा के लिए क्रमिक वृद्धि स्नातक,उपाधि दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। नृत्य के माध्यम से छात्रों ने एकजुट होकर नृत्य प्रदर्शित करते हुए, सभी का मन- मोह लिया। कविता गायन ,सुविचार और अभिभावकों को लुभाने वाले छोटे-छोटे खेल के माध्यम से छात्रों ने चार -चांद लगा दिया। अभिभावकों की ज्यादा उपस्थिति बच्चों को उनके समारोह में और आकर्षित कर रही थी। के.जी. कक्षा के विद्यार्थी अपनी इस डिग्री को प्राप्त करके फूले नहीं समाए। उनके खिलखिलाते चेहरे को देखकर अभिभावक और बच्चों का परस्पर -प्रेम बढ़ता हुआ हौसला दिखाई दे रहा था। समारोह में प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने छात्रों के व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। शर्मा ने कहा कि के.जी की कक्षा के विद्यार्थियों के लिए यह एक यादगार समारोह होता है, यह उपाधि छात्रों के आने वाले समय तक स्मृति के माध्यम से यह बताती है कि हम मेहनत करते रहेंगे तभी हम ऐसी बहुत सारी -डिग्रियों को प्राप्त कर सकेंगे। शर्मा ने कहा कि किंडर गार्डन से निकलकर जब बच्चा पहली कक्षा में प्रवेश करता है तो यह उसके जीवन का बहुत महत्वपूर्ण दिन होता है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 | PM Gati Shakti



## समृद्धि के सफर पर बढ़ रहा देश

# विकास की नयी गाथा गढ़ रहा मध्य प्रदेश

# रानी कमलापति–हज़रत निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस





का

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ




### लाभ

- देश की ग्यारहवीं सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन
- औसत 11 घंटे का सफर घटकर हुआ केवल 7 घंटे 30 मिनट
- 160 किमी प्रति घंटा की उच्चतम गति
- क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और शिक्षा को बढ़ावा
- दिव्यांगजनों के अनुकूल वॉशरूम, सीट हैंडल और ब्रेल लिपि में सीट नंबर
- कवच (टक्कर–रोधी प्रणाली) एवं अत्याधुनिक आग नियंत्रण प्रणाली से युक्त
- स्लाइडिंग फुट स्टेप्स के साथ स्वचालित दरवाजे
- टच–फ्री सुविधाओं के साथ बायो वैक्यूम शौचालय
- कोचों में सीसीटीवी और गार्ड व चालकों से बात करने की सुविधा
- एकसमान हवा वितरण के लिए विशेष एयर कंडीशनिंग डक्ट
- 180 डिग्री घुमने वाली सीट
- सूचना व मनोरंजन के लिए प्रत्येक कोच में पैसेंजर इन्फॉर्मेशन एंड इन्फोटेनमेंट सिस्टम

### गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्य प्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

शनिवार, 01 अप्रैल, 2023 | दोपहर 3 बजे | रानी कमलापति स्टेशन

**20171/20172 रानी कमलापति – हज़रत निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस**

| 20171 | | ↓ स्टेशन ↑ | 20172 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:40 | रानी कमलापति | 22:10 | -- |
| 13:10 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 14:40 |

**ठहराव:** वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर, आगरा छावनी। **चलने के दिन:**– सप्ताह में 6 दिन (शनिवार को छोड़कर)।

## भारतीय रेल

DD डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

हमें फॉलो करें /RailMinIndia